27- MAR- BSP- PG-1_Layout 1 3/27/2024 11:50 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 36.4 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




गर्मी की दस्तक के साथ ही बाजारों में मिट्टी के घड़े और मटके नजर आने लगे हैं। बड़ी संख्या में लोग आज भी इस देसी फ्रिज का इस्तेमाल करते हैं।

### दिन भर मनाने के प्रयास जारी लेकिन जगदीश कौशिक नहीं माने

## देवेंद्र यादव का विरोध, कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठे पूर्व नपं अध्यक्ष





कांग्रेस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन के लिए बैठे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश कौशिक से मिलते कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव व विजय केशरवानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस ने बिलासपुर से भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनते ही विरोध भी शुरू हो गए है। बोदरी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश कौशिक ने कांग्रेस भवन में अनशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं से पूछा है कि आखिर उनकी तपस्या में क्या कमी रह गई और उन्हें टिकट क्यों नही दिया गया। हालांकि जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय उन्हें मनाने में लगे हुए थे। आमरण अनशन पर बैठने की जानकारी पीसीसी को भी दे दी गई है। सोशल मीडिया पर भी देवेंद्र यादव को बाहरी बताकर तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल यह किया जा रहा है कि क्या बिलासपुर में सशक्त नेतृत्व की कमी है।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश के बाकी बचे चार प्रत्याशियों की घोषणा मंगलवार को कर दी है। कांग्रेस की ओर से जारी सूची के अनुसार बिलासपुर से देवेंद्र यादव को टिकट दी गई है। सूची सामने आते आते ही बिलासपुर से प्रत्याशी बनाए गए देवेंद्र यादव का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को सुबह 11 बजे से कांग्रेस नेता और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश कौशिक कांग्रेस भवन में अनशन में बैठ गए। कौशिक के अनशन में बैठते ही कांग्रेस में हलचल शुरू हो गई। जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय कांग्रेस भवन पहुंचे और कौशिक को मनाने का प्रयास किया गया। लगातार चर्चा करते हुए अनशन समाप्त करने की गुजारिश की गई लेकिन वे नहीं माने।

### अनशन समाप्त कराने विधायक अटल पहुंचे

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव कवर्धा से लौटने के पश्चात कांग्रेस भवन के सामने आमरण अनशन पर बैठे जगदीश कौशिक से मिले। इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने उनकी बातें सुनी और उनसे अनशन समाप्त करने का निवेदन किया। उन्होंने श्री कौशिक से कहा कि वे अपनी बात पार्टी में सक्षम अधिकारियों के समक्ष रखें, जो इसके बारे में फैसला कर सकते हैं। वही उनकी बातों को सुनेंगे तो कुछ हल निकलेगा। श्री श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी से बात कर रात में वहां लाइट की व्यवस्था करने और एक आदमी रात में कांग्रेस भवन में रहने की व्यवस्था करने की बात कही। इस दौरान श्री श्रीवास्तव के साथ प्रमोद नायक व अभय नारायण राय भी मौजूद थे।

### देवेंद्र यादव आज आएंगे

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव का 28 मार्च को दोपहर इंटरसिटी गाड़ी (दुर्ग से बिलासपुर) आगमन हो रहा है। श्री यादव रेल्वे स्टेशन से सीधा मां महामाया दर्शन के लिए रतनपुर प्रस्थान करेंगे। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जलि अध्यक्ष विजय केशरवानी ने सभी कांग्रेसजन से 28 मार्च को दोपहर 1.15 बजे तक बिलासपुर स्टेशन पहुंचने की अपील की है। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि श्री यादव का लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रथम बार बिलासपुर आगमन हो रहा है। रेलवे स्टेशन में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस जन पहुंचेंगे। उन्होंने सभी विधायकगण, महापौर, कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### गलत प्रत्याशी चयन के खिलाफ प्रदर्शन

देवेंद्र यादव के नाम का विरोध करते हुए नगर पंचायत बोदरी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कौशिक कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठे तो उन्होंने अलग-अलग स्लोगन लिखकर पोस्टर चस्पा किया है। हाथ से लिखे पोस्टर में लिखा कि मेरी तपस्या में क्या कमी रह गई। बिलासपुर से मुझे प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया गया, जैसे सवाल भी किए गए हैं। कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक का कहना है कि लोकसभा सीट से गलत प्रत्याशी चयन के खिलाफ उनका प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक उनका धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन जारी रहेगा।

#### मनाने का कर रहे प्रयास

जगदीश कौशिक कांग्रेस के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किया है। उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा के लिए युवा और लोकप्रिय उम्मीदवार देवेन्द्र यादव को टिकिट दी है। सभी कार्टकर्ताओं को मिलकर उन्हें जिताने का काम करना है। यदि किसी को कोई शिकायत है तो पार्टी फोरम में अपनी बात रख सकते हैं। - **विजय केशरवानी,** अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

## सब्जी की आड़ में प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी, 400 नग नशीली दवा जब्त



**बिलासपुर।** मध्य प्रदेश से कार में सब्जी की आड़ में प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर आ रहे शहर के एक युवक को एसीसीयू की टीम ने पकड़ लिया है। उसके पास से 400 नग प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया है। पुलिस ने सिरप सहित कार जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीसीयू टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर का एक युवक मध्यप्रदेश रीवा से कार में प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर शहर में बिक्री करने आ रहा है। एसपी रजनेश सिंह ने निर्देश पर एसीसीयू टीआई राजेश मिश्रा, देवमुन पुहूप, बलबीर सिंह, सरफराज खान, तरूण केशरवानी, सत्या पाटले ने गनियारी के पास घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 10 एयू, 7499 को रोककर जांच की। कार के अंदर सब्जी भरा हुआ था। सब्जी के बीच में काटून में रखा 400 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। जब्त कफ सिरप की कीमत 68 हजार रुपए बताई जा रही है। कार सवार पुराना बस स्टैण्ड निवासी बृजेश कछवाहा पिता मुरारीलाल कछवाहा 34 साल को पकड़कर कोटा पुलिस के हवाले कर दिया है। कोटा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कफ सिरप सहित कार जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### होली खेलने के दौरान विवाद

## बटालियन के जवान ने एयरगन से किया फायर







**बिलासपुर।** होली खेलने के दौरान विवाद होने पर छुट्टी पर गए सकरी बटालियन के जवान ने एयरगन से युवक पर फायरिंग कर दी। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जवान को गिरफ्तार कर लिया है।

हेड क्वार्टर डीएसपी उदयन बेहार ने बताया, मल्हार निवासी पुलकेश नापित दूसरी सकरी बटालियन में आरक्षक है। होली पर्व में वह छुट्टी में घर गया था। 25 मार्च को गांव के रेस्ट हाउस के पास लोग रंग गुलाल लगाकर होली मना रहे थे। शाम 4 बजे आरक्षक पुलकेश वहां पहुंचा और युवकों के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। युवकों ने उसे समझाइश देकर वहां से जाने को कहा। वह युवकों के साथ गाली गलौज करने लगा। इस पर पीयूष सिंह ने उसे समझाइश देने की कोशिश की। आक्रोशित आरक्षक ने अपने साथ लेकर आए एयरगन से पीयूष सिंह पर फायरिंग कर दी। छर्रा सीने में लगने से पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव में फायरिंग होने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ देकर आरक्षक भाग निकला। घायल युवक को इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस गांव में पहुंचकर हमलावर आरक्षक पुलकेश को पकड़कर दो एयरगन बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

## काम से घर जा रही नाबालिग का अपहरण कर पूर्व प्रेमी ने दोस्तों के साथ किया गैंग रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम से घर लौट रही नाबालिग का पूर्व प्रेमी दो दोस्तों के साथ बाइक में अपहरण कर एक सूने मकान में ले गया। उसके तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन नाबालिग को उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक 16 साल की लड़की पहले तोरवा क्षेत्र में रह रही थी। उस दौरान उसका देवरीखुर्द निवासी श्याम नायक से प्रेम संबंध हो गया था। कोतवाली क्षेत्र में आने के बाद नाबालिग गोलबाजार के एक कपड़ा दुकान में काम करने लगी। इसी दौरान नाबालिग का दूसरे युवक से दोस्ती हो गई। इसकी जानकारी पूर्व प्रेमी श्याम नायक को हो गई। उसे पता था कि प्रतिदिन रात 9.30 बजे काम होने के बाद नाबालिग पैदल अकेले घर जाती है। 26 मार्च की रात को श्याम नायक दोस्त ओम अहिरवार व एक नाबालिग के साथ बाइक लेकर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास खड़ा था। रात 9.30 बजे ड्यूटी करने के बाद नाबालिग पैदल घर जा रही थी। जैसे ही वह स्कूल के पास पहुंची। तीनों युवक उसे पकड़कर बाइक में बैठकर देवरीखुर्द के सूने मकान में लेकर गए। रात में तीनों युवक नाबालिग के साथ जोर जबरदस्ती कर बारी बारी से दुष्कर्म किया। उसके बाद 27 मार्च की सुबह बाइक से नाबालिग को लेकर आए और उसके घर के पास छोड़कर भाग गए। नाबालिग ने घटना की जानकारी परिजन को दी। उसके बाद वह रिपोर्ट लिखाने थाने गई। पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तोरवा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी ओम अहिरवार व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी पूर्व प्रेमी श्याम नायक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

### एक सप्ताह में तीसरी वारदात

17 मार्च को सिरगिट्टी क्षेत्र में 3 साल की बच्ची को एक नाबालिग ने उठाकर बाथरूम लेकर गया और अनाचार करने के बाद मुंह दबाकर हत्या कर दी थी। उसके बाद कोनी क्षेत्र में दो अपचारी बालकों के द्वारा एक नाबालिग लडकी के साथ गैंगरेप किया गया था। उसके बाद कोतवाली क्षेत्र में हुई यह गैंगरेप की तीसरी घटना है।

### दो आरोपी पकड़े गए

काम से घर लौट रही नाबलिग को पूर्व प्रेमी अपने दो दोस्तों के साथ बाइक में बैठकर सूने मकान में लेकर गया। तीनों ने उसके साथ अनाचार किया है। एक नाबलिग सहित दो युवकों को पकड़ लिया गया है। मुख्य आरोपी पूर्व प्रेमी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

- **उमेश कश्यप**
एडीशनल एसपी सिटी


CAREER POINT WORLD SCHOOL BILASPUR
Learners Today, Leaders Tomorrow

CAREER POINT WORLD SCHOOL, BILASPUR
World Class Day-cum-Boarding School

SCHOOL ADMISSION
Now Open for Session 2024-25!



Classes: Playgroup to Class 9th & 11th
Choose your field of study
Legal Studies | Biology | Maths | Commerce | Humanities

✓ 10-acre lush green campus
✓ Transportation Facility throughout City
✓ Separate AC hostels for Boys & Girls
✓ Pure Vegetarian Mess
✓ 8 different clubs including IIMUN Club
✓ In - House Cricket Academy & Professional Badminton Academy
✓ Evening Synchro Classes
✓ Integrated Coaching for Competitive Exams

ENROLL NOW

More information call us
9893034360, 9669049994, 9893056085

Visit our website
www.cpwsbilaspur.com

Address Name
BESIDES RADHASOAMI SATSANG BEAS, DHEKA, MASTURI ROAD, BILASPUR (C.G.)

AdPRAYAS

27 MARCH -BSP- pg- 2_Layout 1 3/27/2024 11:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सीवी रमन विश्वविद्याल ने दुष्यंत को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** कोटा रोड स्थित डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने दुष्यंत कुमार चतुर्वेदी को दर्शनशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रो. डा. स्मृति किरण सैमंस की देखरेख में पूरा किया है। उनके डाक्टरेट शोध में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों में करियर निर्णय लेने और आत्म प्रभावकारिता पर माता पिता के दबाव का प्रभाव विषय पर गहन चर्चा की गई है। उनके डाक्टरेट थीसिस का वाइवा वोस झारखंड के एआई सेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रमोद कुमार नाइक ने किया। श्री चतुर्वेदी के निष्कर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है, जो करियर मार्गदर्शन के लिए अधिक सहायक और छात्र केंद्रित दृष्टकोण को बढ़ावा देगा।

### एएसपी ट्रैफिक व डीएसपी ने यातायात सुधारने जवानों को दिए दिशा निर्देश



**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के आदेश अनुसार एएसपी (ट्रैफिक) बिलासपुर नीरज चंद्राकर एवं डीएसपी संजय साहू ने शहर यातायात प्रबंधन, शहर यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भ्रमण कर तथा ड्यूटी पर तैनात यातायात अधिकारी, जवानों को यातायात संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख चौक-चौराहों पर होने वाले ट्रैफिक इंजीनियरिंग की जानकारी ली। इसी क्रम में महाराणा प्रताप चौक एवं पुराना बस स्टैंड में पिक आवर्स के समय लेफ्ट टू लेफ्ट फ्री (बाए से बाए की दिशा की ओर) व्यवस्थित रखने उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही वहां मौजूद वाहन चालकों को भी इस संबंध में ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी। विदित होकर ट्रैफिक पुलिस में एएसपी नीरज चंद्राकर द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत लगातार ब्लैक स्पॉट एवं शहर पार्किंग, शहर यातायात व्यवस्था की दिशा में लगातार सुव्यवस्थित यातायात के लिए प्रयास निरंतर किया जा रहा है।

### परीक्षा दौरान एयू के कुलपति ने किया कालेजों का निरीक्षण



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों में मुख्य परीक्षा चल रही है। इस दौरान बुधवार को यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्राध्यक्ष समेत परीक्षकों से परीक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली।अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी परीक्षा के दौरान बीच-बीच में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हैं। इसी के तहत आज कुलपति वाजपेयी डीपी विप्र और सीएमडी कालेज निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र अधीक्षक तथा परीक्षकों से परीक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। परीक्षा व्यवस्था की शुचिता बनाए रखने तथा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग को सख्ती से रोकने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकल की कुप्रथा पर जीरो टोलरेंस नीति की अनुपालन कर रहा है। इस संबंध में संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों तथा स्टाफ सदस्यों से सहयोग के लिए तारीफ की।

### फाउंडेशन ने किया अज्ञात महिला के शव का अंतिम संस्कार

**बिलासपुर।** पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन एवं शांता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस के सहयोग से 27 मार्च को न्यायधानी में एक अनोखी पहल की गई। संस्था द्वारा एक अज्ञात महिला जिनका कोई नहीं था। महिला की मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। बिलासपुर पुलिस प्रशासन ने भी इसमें संस्था का पूरा साथ दिया। इनके सहयोग के बिना कार्य पूरा कर पाना संभव नहीं था। सरकंडा थाना डीएसपी सिद्धार्थ बघेल, सीएसपी रोशन आहूजा, सरकंडा थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग एवं थाना स्टाफ एवं संस्था की तरफ से चंचल सलूजा एवं नीरज गेमनानी ने उस अज्ञात शव का विधिवत अंतिम संस्कार कर मानवता का परिचय दिया।

### गायत्री परिवार का उपजोन स्तरीय त्रैमासिक बैठक 31 को

**बिलासपुर।** गायत्री परिवार के वर्तमान क्रियाकलापों से अवगत कराने विजन 2026 को लेकर छत्तीसगढ़ जोन संगठन प्रमुख आदर्श वर्मा की उपस्थिति में उपजोन स्तरीय बैठक 31 मार्च रविवार को 11 से 4 बजे तक महामाया परिसर नया धर्मशाला रतनपुर में रखी गई है। इसमें उपजोन के सभी जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक, शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ के व्यवस्थापक, ट्रस्टी, सक्रिय कार्यकर्ता, युवा मंडल, महिला मंडल, दीया ग्रुप एवं सभी शाखाओं के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने एक विशाल अंतरराष्ट्रीय संगठन खड़ा कर गायत्री परिवार का नाम दिया, जिसके वर्तमान में लगभग 5000 शक्तिपीठ/प्रज्ञापीठ हैं।

### अखंड नवधा रामायण प्रारंभ निकली कलश यात्रा

बिलासपुर। ग्राम परसदा परसौड़ी में 27 मार्च बुधवार को कलशयात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर 5 अप्रैल तक लगातार मानस मंडलियों द्वारा भगवान श्री राम के चरित्र का गुणगान किया जाएगा। साथ ही 6 अप्रैल को सहस्त्रधारा,हवन व भंडारा का आयोजन होगा। इसमें कथा वाचक आचार्य कन्हैया लाल मिश्र अकलतरी वाले अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री राम के जीवन से संबंधित विविध प्रसंगों के माध्यम भक्तों का मार्गदर्शन करेंगे।

---

**स्थापना के बाद से ही सुविधाओं की कमी** व्यवस्था सुधारने और स्टाफ की नियुक्ति पर दी सफाई, भर्ती प्रक्रिया या विज्ञापन जारी करने पर जवाब मांगा

# सेंदरी मेंटल हास्पिटलः हेल्थ सेक्रेटरी के शपथपत्र को हाईकोर्ट ने पर्याप्त नहीं माना

**बिलासपुर।** सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल मामले में स्वास्थ्य सचिव के एफिडेविट को कोर्ट ने पर्याप्त नहीं पाया। सचिव की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र में बताया गया था कि साइकेट्रिस्ट नहीं मिलने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि आपने कोई भर्ती प्रक्रिया या विज्ञापन जारी किया था क्या। इसका जवाब सचिव की ओर से स्पष्ट नहीं दिया जा सका। कोर्ट ने स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही हाईकोर्ट ने सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या, मनोरोग चिकित्सक, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि बिस्तरों की संख्या 200 की जा रही है और डाक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी। हालांकि यह योजना है जो 7 साल से

- हाईकोर्ट ने शासन से हॉस्पिटल में सुविधाओं की पूरी रिपोर्ट मांगी



प्रस्तावित है। इस पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर रायपुर के अधिवक्ता विशाल कोहली ने अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। साथ ही मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर एक मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक डाक्टर है।प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें से मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा एक ईएनटी और एक आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार इलाज के लिए प्रदेश में की जा रही व्यवस्था और मानसिक चिकित्सालय में रिक्त पद भरने के लिए क्या किया जा रहा इस पर पूरी रिपोर्ट राज्य शासन से मांगी है।

### 10 साल की लड़ाई के बाद मिली वरिष्ठता व पदोन्नति

नगर निगम के तृतीय वर्ग के कर्मचारी को 10 साल की कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर न्याय मिला है। नगरीय प्रशासन विभाग ने बिलासपुर के इस कर्मचारी को प्रमोशन के साथ ही वरिष्ठता का लाभ देने का आदेश दिया है। इससे पहले विभाग के अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहे थे, जिस पर कर्मचारी को अवमानना याचिका दायर करना पड़ा। याचिका के अनुसार सर्वेश तिवारी साल 1983 से नगर निगम में सहायक ग्रेड-3 के पद कार्यरत हैं। 2008 में नगर निगम ने प्रशासनिक आधार पर पद परिवर्तन करते हुए उन्हें 1983 से सीनियरिटी का लाभ देते हुए संविलयन कर दिया, लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग ने निगम के इस आदेश को न मानकर 2015 में अलग से आदेश जारी कर वरिष्ठता सूची में नाम को नीचे कर दिया। नगरीय प्रशासन विभाग के इस आदेश को चुनौती देते हुए सर्वेश तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 2015 में दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने 2023 में याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया और उसे 1983 से सहायक ग्रेड 3 में वरिष्ठ होने का आदेश दिया।

---

होली से एक सप्ताह पहले 20 से अधिक दुकानों में जांच, रिपोर्ट आएगी महीने भर बाद

# खाद्य पदार्थों के सैंपलिंग की औपचारिकता रिपोर्ट आने से पहले बिक जाती है सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। त्यौहारी सीजन में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीमें मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिले में सैंपलिंग की कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन सैंपलों की जांच रिपोर्ट चार महीने के बाद भी नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति में खाद्य सामग्री की खपत बाजार में हो जाती है। हालात यह हैं कि एक सप्ताह पहले 20 से अधिक दुकानों में जांच करते हुए सैंपलिंग ली गई। दरअसल, हर बार त्यौहारों को देखते हुए प्रशासन द्वारा मिठाई, नमकीन, दूध, घी आदि खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग की जाती है। इसके बाद उन्हें जांच के लिए भेज दिया जाता है, लेकिन जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक दुकानों से उक्त खाद्य सामग्री बेच दी जाती है। अब सवाल उठता है कि यदि सैंपल ली गई खाद्य सामग्री मिलावटी हुई, तो परिणाम क्या होंगे। क्योंकि, जिसकी शंका में सैंपल लिया, वह सामग्री तो खाई जा चुकी होती है।

- साबित होने के बाद भी किसी मिलावटखोर को अब तक सजा नहीं हुई

त्यौहारों पर मिलावटी सामग्री के कारोबार की संभावना बढ़ जाती है। खाद्य सामग्री, खासकर मिठाइयों की क्वालिटी पर फोकस रखने वाले फूड एंड ड्रग अमले ने इस बार होली में कोई खास सक्रियता नहीं दिखाई और एक सप्ताह पहले ही कुछ दुकानों से मिठाई का सैंपल लिया जिसे जांच के लिए भेजा गया है। दूसरी ओर खाद्य सामग्री के सैंपल जांचने और फाइनल रिपोर्ट तैयार करने में कम से कम 15 दिन लगते हैं। दूसरी ओर अब तक प्रदेश में मिलावट साबित होने के बाद भी किसी मिलावटखोर को सजा नहीं हुई है। वे सिर्फ जुर्माना देकर बच निकले हैं। फूड एंड ड्रग तथा खाद्य विभाग ने पिछले छह माह में जांच भी धीमी कर दी है। इस त्योहारी सीजन में जिले में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की मिठाइयां बिकने की बात भी कही जा रही है। इनमें सभी तरह की दुकानें शामिल हैं।

### इनके सैंपल हुए फेल

ध्यान रहे कि होली से पहले फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने शहर के 20 से अधिक संस्थानों में खोवा, दूध, बेसन, मैदा समेत विभिन्न उत्पादों के सैंपल लिए थे। इसमें से कई सैंपलों की जांच मोबाइल फूड लेबोरटरी में की गई। इसमें चार सैंपल मौके पर ही फेल पाए गए। इसमें सत्यम स्वीट्स में खोवे से बनी बर्फी और दूसरी मिठाइयां, परमेश्वरी स्वीट्स की जलेबी और मिलन स्वीट्स की बूंदी, लड्डू और इमरती के सैंपल अमानक पाए गए। इसके साथ ही फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम ने 14 सैंपलों को पैकेट तैयार कर रायपुर के सेंट्रल लैब भेजा है। फूड सेफ्टी निरीक्षक मोहित बेहरा ने बताया कि सैंपलों की रिपोर्ट 30 दिनों में आएगी। इसके बाद अमानक पाए गए सैंपलों पर प्रकरण तैयार कर एडीएम और सीजीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### सैंपल लेकर निभा रहे औपचारिकता

हर बार ही देखा यह जाता है कि सैंपलिंग की कार्रवाई भी त्यौहार जब चंद दिन शेष रह जाते हैं तभी लिए जाते हैं, नतीजा रिपोर्ट आते ही खाद्य सामग्री खप चुकी होती है। लोगों को समय पर रिपोर्ट की जानकारी नहीं मिलने से जांच औपचारिकता मात्र बनकर रह जाती है। विभाग सालभर में केवल त्यौहारी सीजन में ही जागता है। उसमें भी चंद सैंपल लेकर जांच की खानापूर्ति कर दी जाती है। देखा जाए तो त्योहार ही नहीं पूरे सालभर मिलावटखोरी का खेल चलता है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी चुप्पी साधे रहते हैं। दूध घी, तेल, मिठाई, मावा, मसाले, बेसन मैदा यहां तक कि शीतल पेय में सालभर मिलावट का खेल चलता है। कभी कभार विभाग कार्रवाई करता भी है तो उसकी रिपोर्ट का कुछ पता नहीं चलता है।

### दूसरे शहरों में पहुंच गई बिलासपुर की मिठाइयां

त्यौहारों पर दूध एवं मावे की बिक्री भी अधिक होती है। पिछले साल विभाग ने कई दुकानों, मिठाई के कारखानों एवं मावा रखने के कोल्ड स्टोरेज पर छापेमारी की थी। गत वर्ष होली से एक माह पहले ही अभियान शुरू कर दिया गया था। इस बार लेकिन कोई विशेष अभियान नहीं चलाया गया। इन मिठाइयों को बाहर भी भेजा गया जा रहा है। क्योंकि होली पर मांग अधिक बढ़ने के कारण एक साथ बाहर के व्यापारियों के ऑर्डर पूरे करने में दिक्कत होती है। दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिर्फ सैंपल लेने की कार्रवाई करते हैं। अगर किसी दूध की दुकान से सैंपल लेंगे तो एक बोतल तक ही सैंपल लेते हैं। बाकी दूध को उसी दुकान में छोड़ देते हैं। जब तक सैंपल के दूध की रिपोर्ट आती है, तब तक व्यापारी उस दूध को बेच देता है।

### विलायतकलां रोड-रूपोंद नई तीसरी लाइन पर जल्द दौड़ने लगेंगी ट्रेनें



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के बीच 165.52 किमी विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विलायतकलां रोड-रूपोंद स्टेशनों के बीच 8.7 किमी विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस लाइन पर ट्रेनों का परिचालन शुरू करने से पहले रेलवे सेफ्टी आयुक्त ने 27 मार्च को निरीक्षण कर संबंधित अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनसे अनुमति मिलने के बाद ही इस नई लाइन पर ट्रेनों का परिचालन निर्बाध गति से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सकेगा। दपूमरे के अफसरों ने बताया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के गतिशील परिचालन के लिए मंडल में नई रेललाइन, दोहरीलाइन, तीसरीलाइन एवं चौथीलाइन का कार्य व्यापक स्तर पर प्रारंभ है।

### बिलासपुर को रेलवे ने देश के तीसरे बेस्ट शेड के रूप में किया सम्मानित



**बिलासपुर।** विद्युत लोको शेड बिलासपुर द्वारा अपनी स्थापना के उपरान्त बहुत कम समय में ही सभी मानक मापदंडों को अपनाते हुए अधिकतम लोको का परीक्षण और अनुरक्षण किया गया। इसके फलस्वरूप बिलासपुर मंडल में गाड़ियों के परिचालन के लिए लोको की बेहतरीन उपलब्धता सुनिश्चित हुई, साथ ही मंडल यात्री सेवा व माल लदान में अग्रणी रहा। अधिकारियों के बेहतर प्रबंधन व कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य के परिणामस्वरूप शेड को रेलवे बोर्ड द्वारा देश के तीसरे बेस्ट शेड का शील्ड प्रदान किया गया जिसे शेड के वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर शशांक कोष्ठा ने प्राप्त किया । शेड की इस उपलब्धि के लिए मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी। दरसल विद्युत लोको शेड बिलासपुर में 188 लोको का अनुरक्षण व परीक्षण किए जाने की जम्मेिदारी है , शेड के लोको की उपलब्धता औसतन 95.14 प्रतिशत रही है । विगत वर्षों में लोको के उचित रख- रखाव के कारण विफलता में निरंतर कमी आयी है साथ ही उपलब्धता में 5.64 प्रतिशत का सुधार हुआ है ।

### अयोध्या समिति में मना रंगोत्सव गुलाल लगाकर जमकर खेली होली



**बिलासपुर।** पार्षद भरत कश्यप के विशेष सहयोग से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन मां शक्ति भवन अयोध्या नगर विकास समिति द्वारा रखा गया। इस कार्यक्रम में संरक्षक अवधेश शुक्ला, अध्यक्ष एमएल वर्मा, सचिव धर्म प्रकाश यादव, सह सचिव भरत निर्मल कर, अभिषेक पाण्डेय, शरद कोचर, अशोक बोडके, सरदार बलबीर सिंह, किशोर चंद्राकार, राकेश श्रीवास्तव, भानू विश्वकर्मा, नटराजन मुदलियार एवं साईं मुदलियार उपस्थित रहे। इस दौरान सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

---

सीसीआई ने सौ प्रतिशत अधिग्रहण को दी मंजूरी

# अडानी का हुआ लैंको पॉवर प्लांट, 4101 करोड़ में डील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अदानी पावर लिमिटेड द्वारा लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के सौ प्रतिशत अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद अब लैंको संयंत्र के अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है।

जिले के पताढ़ी स्थित लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रहा है। कंपनी पर बैंकों का ही 17 हजार 978 करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। इसे अलावा भी करोड़ों रुपए की देनदारी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा अधिग्रहण की मंजूरी देने के बाद लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड का स्वामित्व अदानी पावर लिमिटेड। अदानी पावर लिमिटेड अदानी समूह की कंपनी है। बताया गया है कि अडानी समूह की कंपनी ने लैंको अमरकंटक पावर के अधिग्रहण की डील 4101 करोड़ रुपए में की है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा सरकारी कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने भी लैंको अमरकंटक पावर के अधिग्रहण में दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन बाद में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाली कंपनी ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज ने भी खरीदारी के लिए प्रपोजल दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया था। वर्तमान में लैंको संयंत्र से 600 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। 300 मेगावाट क्षमता वाली दो इकाई प्रचालन में है।

- अडानी के अलावा पीएफसी ने भी दिखाई थी दिलचस्पी

लैंको द्वारा विस्तार परियोजना के तहत सुपर क्रिटिकल तकनीक वाली 660 मेगावाट क्षमता वाली दो यूनिट स्थापित करने का काम शुरू किया गया था। विस्तार यूनिट 3 और 4 का कार्य लगभग हो चुका है। इसी बीच कंपनी भारी कर्ज में फंस गई और दिवाला हो गई।

# शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए एयू छपरा यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीयता के साथ छात्र निर्माण की बात करती है: प्रो पीके बाजपेयी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी एवं जयप्रकाश यूनिवर्सिटी छपरा के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए एमओयू हुआ है। इस अवसर पर अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी एवं छपरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. पीके वाजपेयी सहित शिक्षण विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

एमओयू अवसर पर जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. पीके वाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा कि दोनों यूनिवसिटी के बीच हो रहे इस एमओयू को कार्यात्मक बनाने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के संबंध में विभिन्न पहलुओं की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमें भारतीयता के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा एवं छात्र निर्माण की बात करती है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष बल देते हुए इसे पाठयक्रमों में यथास्थान समावेशित करने की बातें कही। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तारतम्य में विश्वविद्यालयों में वर्तमान में प्रचलित अधिनियम, परिनियम तथा अध्यादेशों में आवश्यक परिवर्तन करने की बातें कही। अंत में उन्होंने अटल यूनिवर्सिटी को जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने के लिए धन्यवाद दिया। एयू के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन की प्रक्रिया चल रही है। अतैव प्रो. पीके वाजपेयी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में दिए गए सुझाव लाभकारी होंगे तथा यह विवि जयप्रकाश विवि के साथ शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए गतिविधियां आयोजित करेगा।

---

श्रेणीवार अधिकतम 10 से 50 हजार रुपए का प्रावधान

# आंखों के इलाज के साथ अब चश्मे का भी मिलेगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारियों को चिकित्सा उपस्थिति नियमों के तहत चश्मा प्रतिपूर्ति की राशि मिलेगी। कोल इंडिया के सक्षम प्राधिकारी ने बोर्ड की 461 वीं बैठक में चश्मा प्रतिपूर्ति को शामिल करने की मंजूरी दी है। जिसके तहत 10 हजार से अधिकतम 50 हजार रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

- कोयला कर्मियों और अधिकारियों को मिलेगा चश्मा प्रतिपूर्ति राशि

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में सभी प्रकार के नेत्र रोगों के उपचार का प्रावधान है। इसके तहत अधिकारी कर्मचारियों व उनके परिवार के पात्र सदस्यों के लिए तीन साल में एक बार अप्रवर्तन की त्रुटियों के सुधार के लिए आंखों का परीक्षण व कृत्रिम अंग के प्रावधान की अनुमति दी गई है, लेकिन पूर्व में चश्मे की लागत अस्वीकार्य की गई थी। जिसमें संशोधन करते हुए दो साल के लिए अधिकारी कर्मचारियों के वर्ग विशेष को अधिकतम 50 हजार से 10 रुपए की लागत से चश्मा प्रतिपूर्ति की राशि का प्रावधान किया गया है। नियम और शर्तों की बात करें तो प्रतिपूर्ति सीमा अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके आश्रितों के लिए लागू एक संयुक्त राशि है। 1 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले साल के लिए यह लागू होगी। अधिकतम सीमा के भीतर प्रतिपूर्ति का दावा या तो एक ही बिल में अथवा जब कभी प्रस्क्राइब हो, किया जा सकता है। खरीदी की तारीख पात्रता के सभी उद्देश्यों के लिए गिना जाएगा। इस्तीफे के मामलों में अधिकारी कर्मचारी का इस्तीफा जमा करने के बाद चश्मे की लागत की प्रतिपूर्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा। अर्थात नोटिस अवधि के दौरान वे हकदार नहीं है।

**ग्रेड वाइज प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा**

| श्रेणी | अधिकतम राशि |
|---|---|
| बोर्ड स्तर | 50 हजार |
| ई 8 व ई 9 | 45 हजार |
| ई 6 से ई 7 | 35 हजार |
| ई 4 से ई 5 | 30 हजार |
| ई 1 से ई 3 | 20 हजार |
| कर्मचारी | 10 हजार |

### नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास के लिए प्रतिपूर्ति नहीं

प्रतिपूर्ति में सीमा केवल दृष्टि सुधार के चश्मे के लिए राशि का प्रावधान है। किसी भी प्रकार के नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास व गागल आदि के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। हालांकि नेत्रहीनों को काले चश्मे के लिए प्रतिपूर्ति की अनुमति है। प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया एसएपी मॉड्यूल से होगी। नेत्र रोग विशेषज्ञों के परामर्श, नेत्र परीक्षण, चिकित्सा आदि पर किए गए व्यय प्रतिपूर्ति मौजूदा चिकित्सा नियमों के अनुसार अलग से की जाएगी। योजना के तहत सीमा का हिस्सा नहीं होगा। अधिकारी कर्मचारी को नेत्र विशेषज्ञों की दृष्टि में सुधार हेतु चश्मे लगाने की सलाह का एक प्रीस्क्रीप्सन मूल या फोटो काफी में प्रस्तुत करना होगा जो चश्मा खरीदने की तारीख से 6 महीने पुराना न हो। साथ ही चश्मे पर किए गए व्यय के बिलों के साथ आंखों की दृष्टि में सुधार की सलाह दी गई हो।

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी का क्रिकेट कार्निवाल समर कैंप 1 से

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड 2 स्थित फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में समर कैंप 1 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। इस क्रिकेट कैंप का यह गौरवशाली नौवा वर्ष है जो कि क्रिकेट एकेडमी के शुरू वर्ष से लगातार लगाया जाता है। क्रिकेट कैंप कार्निवाल फॉर किड्स को लगातार 45 दिनों तक चलाया जाएगा। जिसके अंदर बच्चों को उच्च स्तरीय कोच द्वारा क्रिकेट की सारी बारीकियों को सिखाया जाएगा। समर कैंप में आने वाले नए बच्चों को मनोरंजक अन्य खेलों से भी रोमांचित किया जाएगा । फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी बिलासपुर की एकमात्र ऐसी एकेडमी है जहां पर बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण के अंदर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं दी जाती है । एकेडमी के अंदर लगने वाले इस क्रिकेट कैंप में बच्चों को नाइट क्रिकेट मैच का भी अनुभव दिलाया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी एक मात्र बिलासपुर की फ्लड लाइट क्रिकेट एकेडमी है। इस कैंप में आने वाले सभी बच्चों की शारीरिक फिटनेस पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। जिससे आने वाले समय पर एक कामयाब क्रिकेटर के रूप में उभर सके । फाउंडेश क्रिकेट एकेडमी टर्फ और सीमेंट विकेट मिलाकर कुल 13 विकेट, बॉलिंग मशीन, स्पीड चेक गन मशीन, ऑटोमैटिक विकेट रोलर जैसे सभी उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।




क्रिकेट कैंप के दौरान बच्चों को क्रिकेट की शिक्षा के साथ-साथ मैच के अनुभव से भी अवगत कराया जाएगा । इस एकेडमी में लगने वाले समर क्रिकेट कैंप के अंदर बच्चों को राष्ट्रीय स्तर एवं रणजी खिलाड़ियों के द्वारा भी क्रिकेट की बारीकियां सिखाई जाएगी। क्रिकेट कैंप के दौरान एकेडमी में बच्चों को पूरी तरह एक सुरक्षित माहौल के अंदर अभ्यास करवाया जाता है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




2 एयू और छपरा विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

## धर्म क्षेत्र

### चैत्र माह में नीम के उपाय से मिलता दो देवियों का आशीर्वाद



हिंदू धर्म में सेहत और समृद्धि के लिए चैत्र माह को सबसे खास माना जाता है। दरअसल सर्दियों के मौसम के बाद ही इसी महीने से गर्मी के मौसम की शुरूआत हो जाती है। मौसम परिवर्तन की वजह से कई प्रकार की बीमारियां पनपती हैं। यही वजह है कि इस माह में सर्दी, खासी, जुकाम, गले में दर्द, पेट दर्द, उल्टी और अन्य प्रकार की बीमारियां व्यक्ति को घेर लेती हैं।

**चैत्र माह में नीम के पेड़ में होता है दो देवियों का वास**

आयुर्वेद में भी नीम के पेड़ का बहुत बड़ा महत्व है। बता दें कि चैत्र माह में नीम के पेड़ में मां दुर्गा के साथ माता शीतला का वास होता है। इसलिए मंगलवार के दिन नीम के पेड़ की पूजा अवश्य करनी चाहिए। बता दें कि मंगलवार के दिन नीम के पेड़ में चमेली के तेल का दिया दिखा कर जल जरूर अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से मानसिक के साथ शारीरिक रोगों से लड़ने की क्षमता मिलती है।

**नीम के दातुन का करें इस्तेमाल :** चैत्र माह में वायु में कई प्रकार के बैक्टीरिया पनपते हैं इसलिए सुबह उठकर नीम के दातुन से मुंह की सफाई करनी चाहिए। ऐसा करने से दांतों की सफाई तो होती ही है साथ ही पेट की भी सफाई होती है। नीम में कई प्रकार के औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो पेट को साफ रखने में भी मदद करती है.

**पत्तों का करें सेवन :** नीम के कड़वे पत्तों के सेवन से डायबिटीज और किडनी से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। इसलिए रोजाना नीम के पत्तों का सेवन अवश्य करना चाहिए।

चैत्र माह में नीम के पेड़ में मां शीतला के साथ मां दुर्गा का वास होता है। इसलिए इस माह में नीम के पेड़ में जल जरूर अर्पित करें। ऐसा करने से देवी की कृपा बरसती रहेगी। जल अर्पित करते समय ऊं शीतला मात्रे नम मंत्र का अवश्य जाप करें। ऐसा करने से सेहत और समृद्धि दोनों ही बनी रहती है।

## हेल्थ लाइव

### अत्यधिक पसीना बन सकता है बीमारी का कारण

अगर आपको बिना किसी वजह के ज्यादा पसीना आने लगे तो इसे नजरअंदाज ना करें। ज्यादा पसीना आना गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकता है। पसीना हमारे शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अत्यधिक पसीना आना कुछ बीमारियों का संकेत भी हो सकता है? हां, यह सच है! आज हम आपको कुछ ऐसी बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका लक्षण ज्यादा पसीना आना हो सकता है।



**हाइपरहाइड्रोसिस :** एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर से सामान्य स्तर से अधिक मात्रा में पसीना निकलता है। यह आमतौर पर हाथ, पैर, अक्सिला और चेहरे जैसे क्षेत्रों में दिखाई देता है। हाइपरहाइड्रोसिस में शरीर की पसीने की ग्रंथियां ओवरएक्टिव हो जाती हैं। इसकी वजह से आपको अकारण बहुत ज्यादा पसीना आने लगता है।

**थायराइड:** थायराइड ग्लैंड द्वारा अधिक या कम हार्मोन का उत्पादन होने पर शरीर का मेटाबोलिज्म प्रभावित होता है, जिसके अधिक पसीना आ सकता है।

**डायबिटीज:** मधुमेह के रोगी में भी अत्यधिक पसीना आने की समस्या देखी जा सकती है। यह खासकर तब होता है जब रक्त शर्करा का स्तर असामान्य रूप से उच्च या निम्न होता है।

**हार्ट डिजीज:** दिल से संबंधित बीमारियों, विशेष रूप से हार्ट अटैक में भी अत्यधिक पसीना एक सामान्य लक्षण हो सकता है।

**एंजाइटी डिसऑर्डर:** चिंता या तनाव से ग्रस्त लोगों में भी अत्यधिक पसीना आने की समस्या हो सकती है।

## ज्योतिष

### इन राशियों को भूलकर भी नहीं पहनने चाहिए हीरे के गहने

आपको अपनी राशि को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। अगर आप हीरा रत्न किसी भी रूप में पहनती हैं तो आपको इसके बारे में ज्योतिष से पूरी जानकारी लेनी चाहिए। कोई भी धातु किसी भी व्यक्ति के लिए शुभ हो ऐसा जरूरी नहीं होता है। ऐसे ही कुछ रत्नों को भी आपके लिए शुभ नहीं माना जाता है और उन्हें धारण करने से फायदे की जगह नुकसान होने लगते हैं। इन्हीं रत्नों में से एक है हीता। ऐसा कहा जाता है कि हीरा प्रत्येक राशि के लिए सकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है और कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिन्हें हीरे के गहने किसी भी रूप में धारण करने की मनाही होती है। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने धारण करते हैं तो इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यदि हम ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनके लिए हीरा धारण करना बहुत शुभ हो सकता है और यदि आप इन राशियों से संबंधित हैं तो आपके लिए हीरा एक सौभाग्य बढ़ाने वाला रत्न हो सकता है।



**किन राशियों को नहीं पहनना चाहिए हीरा**

ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां हैं जिन्हें हीरे के गहने या हीरे की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने या अंगूठी पहनते हैं तो फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं।

इन राशियों में से मेष, मीन, कर्क और वृश्चिक हैं जिन्हें हीरा पहनने या अपने पास रखने से मना किया होता है। इन राशियों के लोग यदि इन रत्न को किसी भी रूप में धारण करते हैं तो उनके जीवन में बेवजह परेशानियां आ सकती हैं।

# धर्म, साहित्य, संस्कृति के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

बुधवार 27 मार्च को रंगमंच दिवस रहा। अभिनय मनोरंजन कला के जरिए सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर के छात्रों की समूह द्वारा अपने अंदर छिपी अभिनय कला के माध्यम से प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं।



### परीक्षा के बाद सक्रिय होगी टीम

## सामाजिक कुरीतियों पर करेंगे कटाक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा का समय होने के कारण 27 मार्च को कोई औपचारिक कार्यक्रम तो नहीं हुआ। लेकिन परीक्षा के बाद रंगमंच को एक्टिव करते हुए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। इसमें सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की बात बताई जाती है। अन्य अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। सरस्वती शिक्षा संस्थान के आचार्यों ने बताया कि भारतीय धर्म, कला, साहित्य, संस्कृति, आदिवासी समाज, प्रांत के नगर, ग्रामीण मिलाकर 1100 सशिमं के कलाकारों की टीम बनाई गई है। इनके द्वारा अपने स्तर पर रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। कई बार रायपुर, बिलासपुर, कोनी में प्रांत स्तर के कलाकारों को आमंत्रित कर उनका सम्मान कर रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जा चुका है। सरस्वती शिक्षा संस्थान के सचिव विवेक सक्सेना, संगठन मंत्री देवनारायण साहू, अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, प्रांत प्रमुख गौरीशंकर कटकवार, आचार्य संस्कार, समन्वयक गेंदराम राजपूत, प्रधानाचार्य शिवराम चौधरी इनके प्रेरणास्रोत हैं।

### छात्राओं को कराया गया कराते का अभ्यास



विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर अशोकनगर सरकंडा में साप्ताहिक शक्ति साधना केंद्र लगाया गया। जिसमें प्रांत सह संयोजिका प्रीति दुबे द्वारा बहनों को कराते सिखाया गया। इसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया एवं कराते के गुर सीखे।

### टीम में ये हैं शामिल

रंगमंच टीम में यू ट्यूबर प्रशंसा शुक्ला, प्रीति काछी, मनीषा काछी, संस्कृति तिवारी, नैंसी वर्मा, जातीन चन्द्रा, अनंत शुक्ला, यश यादव, जया श्रीवास सहित अन्य की टीम शामिल है। इस टीम के माध्यम से वृंदा चिंचोलकर, अनुपमा दुबे, निधि अवस्थी, विनीता पांडेय, ज्योति साहू, सुधा दवे, सीमा दुबे, दुर्गा सोनी के मार्गदर्शन में नारी शक्ति, अंधविश्वास, मतदाता जागरूकता, शिक्षा, घर में संस्कारमय वातावरण बनाने को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाता है।

### कान्यकुब्ज की रंगीली होली



कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज द्वारा फाग मंडली होली के दिन घर घर जाकर फाग का गायन किया गया। एक दूसरे का बधाईयां दी गई।

### होली मिलन



सीएमडी कालेज के चेयरमैन संजय दुबे ने डिप्टी सीएम अरूण साव को होली पर गले मिलकर शुभकामनाएं दी।

### होली एकजुटता, समरसता को बढ़ाने वाला पर्व : प्रो. सिंह



पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर में होली मिलन समारोह हर्षोलास से मनाया गया। कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

### विवेकानंद लाफ्टर क्लब ने मनाया होली मिलन



विवेकानंद लाफ्टर क्लब ने सिंधी धर्मशाला चटर्जी गली सरकंडा में होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### पश्चिम मंडल में होली मिलन, उत्साह के साथ मनाया



भाजपा पश्चिम मंडल में होली के अवसर पर अजीत सिंह भोगल मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पश्चिम मंडल कार्यालय में होली मिलन का आयोजन किया गया।

### हास्य केन्द्र ने होली मिलन का किया आयोजन



आनंद हास्य योग केन्द्र ने विवेकानंद उद्यान में होली मिलन कार्यक्रम आयोजन किया। वर्षा कोन्हेर ने संचालन किया। अरविन्द कोन्हेर ने सुंदर गीत की प्रस्तुति।

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की होली




प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। तेलीपारा में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फाग गीत रहा।

### युवतियों ने मचाया धमाल, गीतों पर जमकर थिरकीं



रंग-गुलाल से सने गाल के साथ फगुआ के गीतों पर धमाल कर युवतियों की टोलियों ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया।

### जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई गई होली



दीनबंधु हेल्प फाउंडेशन ने कोटा व बिलासपुर में जरूरतमंद बच्चों को होली किट वितरित किए। आर्थिक रूप से असक्षम परिवार को देते है खुशियां।

## स्पोर्ट्स न्यूज

### पंजाबी संस्था का बैडमिंटन मैत्री-मैच

## योगिता व अतुल ने जीता खिताबी मुकाबला

**बिलासपुर।** पंजाबी संस्था का बैडमिंटन मैत्री-मैच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के इनडोर हॉल में खेला गया। मैच में पंजाबी संस्था, पंजाबी महिला और पंजाबी यूथ विंग के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बैडमिटन के सिंगल मुकाबलों में अलग-अलग आयु-वर्ग के 4 उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि, पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ और यूथ विंग के अनुज त्रिहान व गौरव ऐरी के मार्गदर्शन में अलग-अलग आयु वर्ग की 3 टीमों का गठन किया गया। पहले दौर में महिला और पुरुष खिलाड़ियों के सिंगल मुकाबले खेले गए। पहला मैच पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्षा योगिता दुआ और प्रीतिमा चड्ढा के बीच हुआ। योगिता ने लगातार जीत का क्रम जारी रखा, उन्होंने अपनी कसी हुई सर्विस के बदौलत सोनल सलूजा और रजनी ऋषि पर आसान जीत दर्ज कर विजेता का ख़िताब हासिल किया। 50 से अधिक उम्र की महिलाओं के सिंगल मुकाबलों में सोनल सलूजा उप-विजेता रहीं, दूसरी तरफ पुरुषों के सिंगल मुकाबले के सरताज अतुल दुआ बने। इस मैच के दौरान महिला खिलाड़ियों में रजनी ऋषि, नमिता ऋषि, नीलम घई, शिखा सवन्नी, रमा ऐरी, सरिता सलूजा, सुमन त्रिहान, रत्ना हिंदूजा, रेणु चोपड़ा, कांता सलूजा, ज्योति दुआ, अंजलि सलूजा, आरती कोचर, शालिनी ऐरी, सोनल सलूजा, रोशनी चोपड़ा, मानसी मलिक, शिखा सलूजा, अंजू सलूजा, नीति त्रिहान, अर्शिका सलूजा, अमरदीप भोगल, मोना हिंदूजा, ऋचा चावला, आरसी सलूजा, ज्योति भसीन और चानी ऐरी ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। वहीं, पुरुष खिलाड़ियों में पंजाबी संस्था के पदाधिकारियों सहित सौरभ कोहली, गौरव ऐरी, अनुज त्रिहान, रवि खन्ना, शाश्वत मलिक, अंकुर दुआ, प्रिंस मल्होत्रा, मृणाल ऐरी, प्रकाश सलूजा, अतुल दुआ और सबसे छोटे खिलाड़ी श्रेयश दुआ भी खेल-प्रेमियों का दिल जीतने में सफल रहे।






## एयू की बेसबॉल महिला टीम क्वार्टर फाइनल में

आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल महिला प्रतियोगिता पुणे में आयोजित की जा रही है, जिसमें अटल बिहारी वाजपई यूनिवर्सिटी की बेसबॉल महिला टीम भी भाग ले रही है। अटल यूनिवर्सिटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मैच को शुरुवात से ही अपने पाले में रखा। विवि की नेहा यादव, मेघा, कविता शर्मा, भूमिका श्रीवास, रवीना पटेल, अंजली साहू ने शानदार प्रदर्शन कर अपने टीम के लिए रन बनाए और बेहतर खेल दिखाया। मैच को 7-01 से जीत लिया।




### रेलवे तरणताल का पुनः प्रारंभ

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के रेलवे तरण ताल का आज नेहा सिंह एवं अनुराग सिंह के गरिमामय उपस्थिति में विधिवत पुनः प्रारंभ हुआ। जो कि इस वर्ष मार्च से लेकर लगातार चलाने की योजना है, इस अवसर पर वरिष्ठ खेल अधिकारी अनुराग सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा आज से

**तखतपुर।** संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा एवं शिवार्चन महोत्सव का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक पुराना बस स्टैण्ड में आयोजित किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं विजयानंद पाठक रहेंगे। शिवहरे परिवार द्वारा आयोजित संगीत मय आयोजन में मुख्य रूप से मदन गोपाल शिवहरे, राजकुमार शिवहरे, मनोज शिवहरे, सतीश शिवहरे, अनिल और रितेश शिवहरे लगे हुए हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान

**जरहागांव।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार बरदुली निवासी पूरन साहू पिता लतेल राम अपने मुंह बोले भाई के संग होली मनाकर सीडी डीलक्स बाइक पर सवार होकर रात्रि 9: 30 बजे किशनपुर पहुचा ही था कि जरहागांव की ओर से आ रहे पल्सर क्रमांक सीजी 28-7473 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल पूरन साहू को सड़क किनारे बिठाया। पूरन के सिर तथा पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आई थी। हालत नाजुक देख लोगों ने जरहागांव पुलिस को जानकारी दी। खबर पाते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल पूरन साहू को जिला अस्पताल मुंगेली भेजवाया। जानकारी मिली है कि इलाज के दौरान पूरन साहू की मृत्यु हो गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### खंबे से टकराई बाइक युवक की मौत

**पथरिया।** नगर से कुछ किलोमीटर दूर सड़क दुर्घटना में एक युवक ने अपनी जान गवा दी। घटना थाना अतर्गत ग्राम सिलतरा मोड़ का है। जहां युवक संतोष यादव पिता पंचराम यादव उम्र 30 वर्ष ग्राम चीनू नावागांव थाना सिटी कोतवाली की सड़क हादसे में मौत हो गई। पथरिया पुलिस के अनुसार होली त्यौहार के दिन सोमवार को लगभग 11 बजे युवक अपनी बाइक पर सवार होकर पथरिया की ओर से अपने गांव चीनू नावागांव की तरफ जा रहा था। तभी नगर से कुछ किलोमीटर दूर सिलतरा मोड़ के पास बाइक अनियत्रित होकर सड़क किनारे लगे खम्भे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी की मौके पर ही युवक दम तोड़ दिया। पुलिस मौके पर पहुंचार शव का पंचनामा कर युवक का पीएम कराने पथरिया स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां पीएम करने के बाद युवक को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## निधन

### परमेश्वर कौशिक



**बिलासपुर।** चकराकुण्ड (गनियारी) निवासी परमेश्वर कौशिक का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम चकराकुण्ड (गनियारी) में किया गया। वे दुर्गा प्रसाद, दिलहरण, बहोरन, उत्तम कौशिक के भाई तथा विशाल, अनमोल कौशिक के पिता थे।

### रामपियारी यादव



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त एएसएसआई स्व. रामेकर यादव की पत्नी श्रीमती रामपियारी का 26 मार्च को निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च बुधवार को गोरखपुर उत्तर प्रदेश के बड़हलगंज स्थित मुक्तिधाम में अंतिम किया गया। वे बृजेश कुमार यादव और सुनील यादव की मां थीं।

### बलीराम गुप्ता



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 4 के प्रतिष्ठित नागरिक बलीराम गुप्ता का 85 वर्ष की आयु में 25 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विष्णु प्रसाद, महेश गुप्ता, हेमंत, दिलीप कुमार, डिगेश्वर गुप्ता के पिता व शंकर, सोनू, सन्नी गुप्ता के दादा थे।

### यीशु दास



**जरहागांव।** बुचवाकापा छतौना निवासी 90 वर्षीय यीशु दास का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में किया गया। वे ईश्वरी लाल, प्रदीप लाल, प्रभाकर लाल के पिता थे।

---

### फाग गीतों पर थिरकते रही युवाओं की टोलियां, होली के दूसरे शासकीय कार्यालयों में छाई रही खुमारी

# उमंग और मस्ती के साथ मना रंगों का त्यौहार होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। युवा वर्ग सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे। होली के अवसर पर नागरिक गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते रहे। छुट-पुट घटनाओं को छोड़कर जिले में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण रहा।

रविवार रात्रि होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोग सोमवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर



होली खेलते बच्चे एवं महिलाएं।

खुशी का इजहार करते रहे। शहर में जगह-जगह शांति पूर्ण ढ़ंग से होली मनाई गई। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। नगर सहित जिले भर में रविवार रात होलिका दहन किया गया। होली की मस्ती लोगों में होलिका दहन के पहले से नजर आया। शाम तक रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में बढ़ोतरी होती गई। फाग गीतों की धूम, हर गली मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन के साथ ही बढ़ती गई। मस्ती के त्योहार में सुबह से ही बच्चे हाथों में रंग, गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकले। युवा वर्ग जगह-जगह फाग गीतों एवं साउंड सिस्टम में थिरकते नजर आये। बाजार में रंगों के साथ पिचकारी, गुलाल एवं शक्कर के बने हरवे की मांग बनी रही। हरवे का चलन कम होने के बाद भी बाजार में रंग बिरंगे हरवे दुकानों में देखे गए। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली त्यौहार शांति पूर्ण संपन्न हुआ। होली के दूसरे दिन मंगलवार को भी होली का माहौल देखा गया। कार्यालय खुले जरूर लेकिन अधिकारी नदारद रहे। कई कार्यालय मे होली की खुमारी उतारते नजर आते रहे और सोते नजर आए। बाजार भी सूने नजर आए। लोग घरों मे ही आराम करते रहे।

## प्रेस क्लब में गूंजे ढोल-नगाड़े

**तखतपुर।** होली का त्यौहार आपसी सौहार्द्र एवं खुशनुमा माहौल में मनाया गया। तखतपुर क्षेत्र में होली के पर्व पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। होली की पूर्व संध्या से ही होलियाना माहौल में प्रेस क्लब का फाग महोत्सव ढोल नगाड़ों के साथ पुराना बस स्टैंड में चला। जिसमें नगर के फाग प्रेमियों ने जमकर आनंद लिया। देर रात होलिका दहन के दौरान अलग-अलग जगह में होलिका दहन किया गया जिसमें पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग ने व्यवस्था दुरुस्त करते हुए होलिका दहन की प्रक्रिया पूरी कराई। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सामाजिक परचानि के बाद सिंधु भवन में होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक स्तर पर



किया। युवाओं की टोली ने खूब मस्ती की होली के होलीयारों ने जगह-जगह होली का आनंद लिया और रंग गुलाल उड़ाए। पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय रहते हुए लोगों को समझाइश देती रही। भाईचारे और आपसे प्रेम के साथ में होलीयाना माहौल में होली का त्यौहार मनाया गया। शाम को गुप्ता समाज द्वारा पारंपरिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें नगर के नागरिक ,जनप्रतिनिधि , जनप्रतिनिधि शामिल हुए इस होली मिलन कार्यक्रम का अनवरत रूप से संचालन गुप्ता समाज द्वारा किया जाता है जिसमें नगर के प्रबुद्ध वर्ग शामिल होते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रो में रही होली की धूम नगाड़े की थाप पर झूमे मतवाले



**जरहागांव।** जरहागांव, कोना, घुण्डु कापा ,सेमरचुवा में पुराने अंदाज में होली त्योहार मनाया गया। नगाड़े के थाप, रंग गुलाल से सराबोर मस्ती में चूर रंग बरसे भीगे चुनर वाली के साथ एक से बढ़कर एक फाग गीतों पर लोग झूमते रहे। टेकलाल पटेल, अरविंद पटेल ने बताया कि होली पर्व के दिन पूरे गांव के लोगो इकट्ठे होकर चौक में पूजा अर्चना कर नगाड़े व मृदंग की थाप में लोग अपनी कदम मिलाकर लहजे अंदाज में फागुन आयो रे के साथ मंत्र मुग्ध कर देने वाली अनेक गीतों में लड़की के भेष में अनेक कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चे बूढ़े रंग गुलाल से सराबोर एक दूसरे से गले मिलकर खुशियां मना रहे थे।लोगो ने बताया कि इस वर्ष के होली उत्सव पुराने दिनों को याद दिला दी ,उन्होंने बताया कि उस समय की ठेठरी, रात भर जाग कर तिवरा दाल की करी देखकर उस पल को जिया गया है। होली का यह पर्व केवल रंगों की त्योहार नहीं है अपितु गिले शिकवे भूलकर गले लगाने का है।

## नामदेव समाज के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर-गुलाल





**गौरेला।** नामदेव समाज विकास परिषद ने समरसता पंडाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेवा प्रसाद नामदेव, विशिष्ट अभ्यागत प्रकाश नामदेव, आरएन नामदेव, मंजू नामदेव थे। समारोह में समाज के 30 परिवारों के लगभग 250 सदस्य शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की खुशियां बांटी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रकाश नामदेव थे। संचालन रश्मि नामदेव, संदीप नामदेव, अन्ना नामदेव ने एवं आभार प्रदर्शन आरएन नामदेव ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय नामदेव, पेंड्रा गुड्डा नामदेव, पेंड्रा बालमुकुंद नामदेव, परदेसी नामदेव, अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर बिंजू एवं उनकी पत्नी एमपी नामदेव, कल प्रसाद नामदेव, कमल नामदेव, मनोज नामदेव, संदीप नामदेव, राजू नामदेव सहित समाज के संजय नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था जीत नामदेव एवं शिव नामदेव रानू नामदेव ने की।

## पुलिस रही सख्त, फाग गीतों पर थिरकते रहे नगर के युवा



**सीपत।** ग्रामीण अंचलों में रंगोत्सव की धूम रही। सोमवार को सुबह परंपरागत ढंग से शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर होली की बधाई दी। युवावों की टोली नगाड़े की थाप पर जमकर फाग गीतों का आनंद लिया। पुलिस प्रशासन होली के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी सतर्क रहा। चौक चौराहों पर पुलिस के जवान डटे रहे। लगातार थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र सिदार के नेतृत्व में पुलिस की टीम पेट्रोलिंग करती रही। त्यौहार पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने के बाद दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने परिजनों के साथ सीपत थाना में रंग गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली। डीजे की धुन व होली के गीतों पर जमकर ठुमका लगाए। इसके अलावा पंजाबी और हिंदी गीतों में भी जमकर थिरके। सिपाहियों से लेकर अधिकारी सभी होली की मस्ती में दिखाई दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र सिदार एसआई एएसआई प्रधान आरक्षक आरक्षक सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## स्कूल में बच्चों के साथ शिक्षकों ने धूमधाम से मनाया फागुन त्यौहार



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही संकुल केंद्र डोंगरिया में शाला परिवार द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। शाला के सभी बच्चों ने रंग गुलाल और पिचकारी से खूब होली खेली। शिक्षकों ने भी बच्चों को रंग गुलाल लगाए। बच्चे होली खेलते हुए उत्साहित नजर आ रहे थे। प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। आप सभी के जीवन में नई उमंग खुशियां आए। होली को लेकर ग्रामीण अंचल में बच्चों में बड़ा उत्साह रहता है। बच्चे बूढ़े, जवान सभी रंगों का पर्व होली में शामिल होते हैं। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने की सीख दी। उन्होंने बताया कि हमें प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। इसी क्रम में शाला के बच्चे सुबह से ही उत्साहित थे। बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ होली खेली। इस अवसर पर शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, बबीता ध्रुव, रामकुमारी साहू, दिलीप ध्रुव, रसोइया जलेश्वरी निषाद, ललिता यादव सहित शाला के बच्चे उपस्थित थे।

## सुशांत की पहल पर 7.5 करोड़ में बनेगा मल्टीपरपस हॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा में विकास कार्यों के लिए लगातार सक्रिय विधायक सुशांत शुक्ला के अनुरोध पर केंद्रीय खेल एंव युवा कल्याण मंत्री अनुराग

**खास बात**

- 7.50 लाख की राशि स्वीकृति का आदेश जारी

ठाकुर ने अधोसंरचना योजना के तहत खेलो इंडिया स्कीम के तहत बेलतरा क्षेत्र मे खेलों के विकास के लिए मोपका बॉयपास में 750 लाख की लागत से मल्टीपरपज हॉल निर्माण किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

विधायक सुशांत द्वारा बेलतरा विस क्षेत्र में लगातार मूलभूत विकास कार्यों के लिए प्रयास जारी है। इसी क्रम में अनुराग ठाकुर ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र को खेल सुविधा की सौगात दी है। विधायक श्री शुक्ला की पहल पर पूर्व में खेल सुविधाओं के विस्तार के तहत बहतराई खेल परिसर में लगभग 10 करोड़ पचास लाख के कार्य एवं ज़िला खेल परिसर



सीरत रोड पर लगभग 3 करोड़ के कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। बेलतरा क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में पूर्वाग्रह और भेदभाव का शिकार रहा और इन्हीं कारणों से विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं रखने दी गई थी। क्षेत्र के वासी साढ़े चार सालों से मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस गए थे। विधायक बनने के बाद सुशांत शुक्ला ने नए वार्डो में सघन दौरा कर नागरिकों को समस्याओं से निजात दिलाने और विकास कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद विधायक श्री शुक्ला के द्वारा कार्यों की सूची बनाकर विभिन्न माध्यमों से अलग अलग विभागो को भेजा गया। व्यापक राजनैतिक संपर्क का लाभ क्षेत्रीय विधायक को मिल रहा है। बेलतरा के निवासियों एंव खिलाड़ियों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का इतनी बड़ी सौग़ात देने हेतु आभार जताया है।

## किसान से 1 लाख 78 हजार रुपए की उठाईगीरी



**मुंगेली।** बैंक से रुपए निकालकर दूसरे बैंक जाते समय अज्ञात व्यक्ति ने किसान को झांसे में लेकर 1 लाख 78 हजार रुपए की उठाईगीरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज में उठाईगीरी करने वाले की पहचान होते ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र पड़ाव चौक में 1 लाख 78 हजार रुपए की उठाईगीरी का मामला सामने आया है। ग्राम चमारी के किसान छबीलाल साहू ने बैंक ऑफ बड़ौदा से 1 लाख 78 रुपए निकाले और पड़ाव चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक गए। बैंक में ही उनके पीठ पर अज्ञात व्यक्ति ने टमाटर केचप डाल दिया। आरोपी ने बताया कि आपकी पीठ पर कुछ लगा हुआ है। तब किसान ने पैसे को लेकर वैष्णव मिष्ठान्न के यहां चाय काउंटर में गिलास से अपने पीठ को धोने लगा और पैसों से भरा बैग नीचे रख दिया। तभी मौका का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति पैसा लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद हो गया था। जिससे पुलिस को चंद घंटों में ही आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। मुंगेली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सभी तरफ नाकेबंदी कर सेतगंगा में आरोपियों को वाहन सहित गिरफ्तार करने की सूचना मिल रही है। इस संबंध में एसडीओपी एसआर धृतलहरे ने बताया कि उठाईगीरी करने वाले आरोपियों को पकड़ लिया गया है। उनसे पूछताछ कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## कलेक्टर ने निगारबंद के चार पंचों को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

- शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के पाए गए हैं दोषी

बिलासपुर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत निगारबंद की तात्कालीन सरपंच ईश्वरी सुरेंद्र कश्यप की शिकायत पर पंचायत के चार पंचों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया था। तहसीलदार से उन पंचों द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जांच करवाकर व प्रतिवेदन प्राप्त कर 27 मार्च को सभी चार पंचों नीरा बाई पति कौशल साहू वार्ड क्रमांक 1, कमलकान्त यादव पिता शोभा राम यादव वार्ड क्रमांक 3, जमोत्री बाई पति बद्री प्रसाद वार्ड क्रमांक 7, भगवती पति राकेश यादव वार्ड क्रमांक 13 को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का दोषी पाते हुए अपना अंतिम आदेश पारित कर पंच पद से बर्खास्त कर दिया है। उक्त आदेश के प्रभाव से वे अपने पंच पद से अयोग्य घोषित हो गए हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत निगारबंद की सरपंच ईश्वरी सुरेंद्र कश्यप ने पंचायत पंचों को शासकीय भूमि का कब्ज़ा छोड़ने के लिए कहने व दबाव डालने पर सभी पंचों ने मिलकर उनके विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव लाया था और प्रस्ताव पारित कराकर उन्हें पद से हटवा दिया है।

## चारपहिया वाहन ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर

**लोरमी।** ग्राम डिंडोल नहर रोड पर पुलिस वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपती गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना में महिला की कमर फ्रेक्चर हो गई है। बाइक चालक युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। दंपती का प्राथमिक उपचार 50 बिस्तर अस्पताल में होने के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मसना निवासी योगेश चंद्राकर पिता स्व. रामस्वरूप उम्र 21 वर्ष अपनी पत्नी प्रतिज्ञा चंद्राकर उम्र 18 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर बड़े भाई के घर आया हुआ था। मंगलवार की दोपहर साढ़े तीन बजे वह अपनी पत्नी को लेकर अपने गांव मसना लौट रहा था वह पाम हिंडोल पहुंचा ही था कि पीछे से पुलिस के सायरन लगे वाहन क्रमांक सीजी 22 एसी 6836 के चालक ने लापरवाही



पूर्वक चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना के बाद डिडोल के ग्रामीणों ने पुलिस वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस वाहन चालक ने प्रार्थी सहित ग्रामीणों से अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए मौका देखकर फरार हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने संजीवनी 108 को फोन किया तत्काल मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस ने दोनों घायल दंपत्तियों को 50 बिस्तर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुये बिलासपुर रेफर कर दिया है। थाना प्राभारी अखिलेश ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ 279, 337 के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया।

**छोड़ दिया गया वाहन**

पर्व पर स्कार्पियो वाहन को हायर किया गया था। 26 मार्च को दोपहर 12 बजे ही वाहन को छोड़ दिया गया है। उसके बाद घटना हुई है। दुर्घटनाकारित वाहन में कोई पुलिस स्टाफ नहीं था। उसमें निजी चालक था। घटना की सूचना परिजन ने थाने में दर्ज कराई है। चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

**माधुरी धिरही,** एसडीओपी

---


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ .ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202309250500018अ-2/2022-23
ग्राम झगरकापा प.ह.नं. 16

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे0 अनिल कुमार पिता भरत लाल निवासी किरना तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ0ग0) द्वारा ग्राम झगरकापा प.ह.न. 16 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 127/2, 127/5 रकबा 0.134, 0.049 हे0 कुल 0.183 हे0 को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01/04/2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - सकरी प.ह.न. - 00061 घुरू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202324401114600232

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00061 के अंतर्गत ग्राम घुरू के वर्तमान भूमिस्वामी पिता/पति- पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 75/6 (0.0130), 75 / 2 (0 .2100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता आशीष विश्वकर्मा पिता/पति जगदेव प्रसाद विश्वकर्मा पता- बिलासपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/03/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तहसील सकरी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर, जिला बिलासपुर, छ.ग.**

राजस्व अपील प्र.क्र. 94/अ-68/2022-23, ग्राम - लखराम, तहसील-बेलतरा, जिला बिलासपुर छ.ग.

**पक्षकार**

प्रहलाद पिता गणेश, निवासी-लखराम, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर, छ.ग. .........अपीलार्थी।

**बनाम**

कावेरी वस्त्रकार पति गोकुल प्रसाद, निवासी कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर, छ.ग. ....उत्तरवादिनी।

**सूचना**

प्रति, कावेरी वस्त्रकार पति गोकुल प्रसाद, निवासी-कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर, छ.ग.
विषय :- पेशी में उपस्थित होने बाबत।
अपीलार्थी श्री प्रहलाद पिता गणेश, निवासी-लखराम, तहसील बेलतरा, जिला बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के अन्तर्गत न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर के रा.प्र.क्र. 03/अ-68/2019-2020 पक्षकार - छ.ग. शासन बनाम प्रहलाद केंवट में पारित आदेश दिनांक 19.0.2020 के विरूद्ध में अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 11.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD20232 4400107900083

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी माधवनारायण व. नरसिम्हाचार्य पिता/पति- पता सा सदरबाजार बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 255/40 (0.0690) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बालमुकुंद त्रिपाठी पिता/पति माधव नारायण त्रिपाठी पता-सिम्स के सामने बिलासपुर, यशोदा त्रिपाठी पिता/पति स्व. माधवनारायण त्रिपाठी पता-सिम्स के सामने बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार तहसील बिलासपुर

**कार्यालय पटवारी हल्का बिरकोना 47 ग्राम बिरकोना जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/क/ ह.पट./20
बिलासपुर, दिनांक 27/03/24

प्रति, 1. आवेदक पंकज यादव/संतोष यादव 2. समीपी भूमि स्वामी अशोक यादव 3. अर्जुन नीरज 4.अशोक यादव।

विषय- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

ग्राम बिरकोना प.ह.न. 47 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 374, 375/4 रकबा 0.0550, 0.0160 के सीमांकन हेतु 8/03/24 ने तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायलयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 29/03/24 समय 11.00 से 5.00 बजे किया जायेगा।

आप दस्तावेकज सहित नियत तिथि में उपस्थित होवें एवं बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

पटवारी
रा.नि.म. कोनी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/ सीमाकंन / रा.नि./ 2024 जूना बिलासपुर, दिनांक 21.03.2024

प्रति, 1. मनोज भिवगड़े / विवेकानंद भिवगड़े (आवेदक) 2.धीरज रोहरा 3. राजाराम 4. गजानन्द अग्रवाल 5.सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क./तह./वा./24 दिनांक 26.02.2024
ग्राम- जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36. रा.नि.मं.- जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 638/75, 638/78, 638/18 रकबा 0.018, 0.026, 0.053, हेक्टेयर के सीमांकन हेतु मनोज भिवगड़े पिता स्व. विवेकानंद भिवगड़े, निवासी मित्र विहार जूना बिलासपुर के द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।
न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 02.04.2024 को समय 10:00 बजे से 5:00 बजे को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।

टीप :-आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(संतोष देवांगन)
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छग)**

**नोटिस**

प्रो.क्र.-308/24
व्य.वा.प्र.क्र. 599/23
आदेश दिनांक 15.03.24
पेशी दिनांक 10.05.24

श्रीमती मिसाला सत्यवेणी....आवेदिका
विरूद्ध
गुसीड़ी श्रीनिवास.........अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती मिसाला सत्यवेणी ने अनावेदक के विरूद्ध 13 (1-ख) एवं (VII) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह विच्छेद बाबत आवेदन पत्र पेश किया है जिसकी पेशी दिनांक 10.05.24 को है।

अनावेदक श्री गुसीड़ी श्रीनिवास उम्र 52 वर्ष पिता स्व. गुसीड़ी सूर्यनारायण निवासी - म.नं. 04/195 आदित्य कालेज के पास विद्या नगर गोपाल पट्नम 27 विशाखापटनम आन्ध्र प्रदेश पिन 530027, एवं वर्तमान हाल मुकाम हेमू नगर ओव्हर ब्रिज के पास गणेश नगर थाना तोरवा जिला बिलासपुर छग को इस समाचार के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 10.05.2024 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपित्त जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 10.05.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठाशीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिन कार्यवाही की जायेगी।

अतः आज दिनांक 22/03/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 22/03/24
स्थान- बिलासपुर छग

प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
बिलासपुर छग

27- MARCH- BSP- p5_Layout 1 3/27/2024 11:49 PM Page 1





# खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं शाहिद

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस साल की हिट हिंदी फिल्मों में से एक है। फिल्म की सक्सेस एन्जॉय कर रहे शाहिद इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'देवा' पर काम कर रहे हैं जो एक एक्शन एंटरटेनर है। करियर की शुरुआत से ही फैन्स के फेवरेट एक्टर्स में एक बन चुके शाहिद ने अब कहा है कि वो खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं। शाहिद ने इंडस्ट्री में पहले से काम कर रहे एक्टर का बेटा होने के फायदे-नुक्सान पर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले उनके पिता पहले से एक्टर थे लेकिन उन्हें इस बात का कोई फायदा नहीं मिला।



## लाइफ Style

# अदिति राव हैदरी

## गुपचुप रचाई सिद्धार्थ से दूसरी शादी

साउथ और बॉलीवुड में एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रही हैं। उनका नाम अक्सर साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ जुड़ता रहा है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी कभी रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की और ना ही कोई रिएक्शन दिया।

एजेंसी ⏩ मुंबई

अब खबर सामने आ रही है कि इस रूमर्ड कपल ने गुपचुप शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति और सिद्धार्थ ने अपने ट्रेडिशनल रीति-रिवाज के साथ शादी की है। बताया जा रहा है कि रूमर्ड कपल की शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने जिस मंदिर में फेरे लिए हैं वो वानापर्थी में है। रिपोर्ट्स में इस जगह से एक्ट्रेस का खास कनेक्शन बताया जा रहा है। दरअसल, अदिति राव हैदरी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं।

अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के गुपचुप शादी रचाने के पीछे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों अपनी निजी जिंदगी को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद इसी वजह से उन्होंने सीक्रेट वेडिंग चुनी। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई हैं। बहरहाल, अगर सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी की बात की जाए तो रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि साल 2021 में तमिल-तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान इनके बीच नजदीकियां आई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 51 साल की उम्र में बनी मां

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। 'द मास्क' फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्रॉइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, 'एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...।'




# 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। हॉलीवुड के इस फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' की चौथी सीरीज के साथ 'बैड बॉयजः राइड और डाई' से ये विल स्मिथ स्क्रीन पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी फिल्म में दमदार जोड़ी है यानी एक बार फिर विल स्मिथ के साथ मार्टिन लॉरेंस भी नजर आ रहे हैं।



# राजनीति में करना चाहती हूं एंट्री

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी।



# तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे राम चरण

**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार राम चरण का 27 मार्च को 39वां बर्थडे था, और इस खास मौके पर वह तिरुपति मंदिर पहुंचे। राम चरण पत्नी उपासना और बेटी क्लिन कारा के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। राम चरण को तिरुपति में देख फैंस और मीडिया ने चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह थोड़ा परेशान भी नजर आए। राम चरण ने तिरुपति मंदिर जाते हुए शर्ट और वेस्टी पहनी हुई थी, जबकि पत्नी उपासना ने साड़ी पहनी थी। उन्होंने बेटी क्लिन का चेहरा साड़ी के पल्लू से छुपा रखा था। तिरुपति बालाजी मंदिर से निकलते वक्त मीडिया ने राम चरण और उपासना को घेर लिया। यह देख राम चरण परेशान हो गए और उनसे रिकॉर्ड न करने की अपील की। सोशल मीडिया पर राम चरण और उपासना की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल के साथ फिर काम कर खुश हैं सुनील

मुंबई। कपिल शर्मा टेलीविजन के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर छाने के लिए तैयार हैं। जल्द ही कपिल को नेटफ्लिक्स पर अपने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ देखा जाने वाला है। इस शो को लेकर लंबे वक्त से कॉमेडियन चर्चा में हैं। 2017 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के बीच झड़प हुई थी। एक फ्लाइट में दोनों के बीच लड़ाई के बाद दोनों अलग हो गए थे। अब शो के एक प्रेस मीट के दौरान कपिल और सुनील ने एक दूसरे से चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी लड़ाई एक 'पब्लिसिटी स्टंट' थी। इस इवेंट में सुनील ग्रोवर ने कपिल शर्मा और शो की टीम के साथ दोबारा काम करने पर बात की। वो बोले, इस शो का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। इवेंट में जब कपिल शर्मा ने उनकी फ्लाइट में हुई लड़ाई को लेकर बात की, तो सुनील ने कहा कि ये उनका और कपिल का नाटक था, जो वो तब से इस नए शो को प्रमोट करने के लिए कर रहे हैं। सुनील बोले, 'उस टाइम पर नेटफ्लिक्स इंडिया में नया आया था तो हमको लगा कि टेलीविजन की ऑडियंस को बांध के रखने के लिए कुछ करना पड़ेगा।

# तारक मेहता... की मिसेस सोढ़ी ने जीता सेक्शुअल हैरेसमेंट केस

मुंबई। टीवी इंडस्ट्री से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बीते साल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की मिसेस सोढ़ी उर्फ जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी के खिलाफ कोर्ट में सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस डाला था। एक साल बाद इसपर वर्डिक्ट आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर, असित के खिलाफ केस जीत चुकी हैं। जेनिफर ने केस जीतने पर कहा- केस पर फैसला आए 40 दिन बीत चुके हैं। मुझे अबतक प्रोडक्शन हाउस वालों ने पैसा नहीं दिया है। मैंने इतने महीनों मेहनत की, सीरियल में काम किया, लेकिन मेरी मेहनत का पैसा अबतक मेरे हाथ नहीं आया है। तीनों में से किसी को भी अबतक कोई सजा नहीं दी गई है। मैंने तीनों के खिलाफ केस किया था, पर सोहेल और जतिन, दोनों ही वर्डिक्ट में शामिल नहीं थे। मैं खुश नहीं हूं। उन्होंने ये साबित कर दिया कि असित कुमार मोदी सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में दोषी हैं।



# मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी की जूलरी भी दे डाली



**मुंबई।** 30 मार्च से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' शुरू होने जा रहा है। शो में बतौर गेस्ट रणबीर कपूर, नीतू कपर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कपूर फैमिली मजेदार बातें करते हुए नजर आने वाली है और रणबीर गर्लफ्रेंड्स से जुड़े खुलासे करने वाले हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के पहले एपिसोड के सामने आए प्रोमो में देखा जा सकता है कि रणबीर कपूर कई खुलासे करते हैं। एक्टर ने इस शो में रिवील किया कि वो अपनी मां की जूलरी अपनी गर्लफ्रेंड्स को दे दिया करते थे। अब ये बात उन्होंने बताई कैसे चलिए वो भी बताते हैं। दरअसल, कपिल शर्मा पूछते हैं कि रणबीर ने रिद्धिमा के कपड़े अपनी गर्लफ्रेंड्स को गिफ्ट किए हैं? इस पर एक्टर ने झटपट जवाब दिया, 'मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी के गहने भी दे डाले हैं।' इसे सुनते ही पास बैठीं नीतू कपूर शॉक रह जाती हैं और जोर-जोर से हंसने लगती हैं।

# विन डीजल ने दिखाई दीपिका की अनदेखी तस्वीर



**लॉस एंजिलिस।** विन डीजल ने मंगलवार शाम को अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया जब उन्होंने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस समय की है जब वह साल 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म '**XXX**ः रिटर्न टू जेंडर केज' का प्रचार कर रहे थे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीडिंग लेडी थीं और ऐसे में दोनों ने जमकर अपनी फिल्म की प्रमोशन्स की थी। अब ये अनदेखी तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस दौरान भी दोनों की कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। विन डीजल ने अपने इस पोस्ट में एक भाई-बहन की कहानी का भी जिक्र किया, जो कारुसो ने उन्हें भेजी थी। सामने आई तस्वीर में विन डीजल एक ऑटो के बगल में खड़े होकर दीपिका को बड़े ही प्यार से ब्लेजर पहना रहे हैं। एक्टर और दीपिका के बीच सामंजस साफ देखने को मिल रहा है।

# कमबैक वाले कमेंट पर हनी सिंह ने दिया जवाब



**मुंबई।** रैपर बादशाह और रैपर यो यो हनी सिंह के बीच का कोल्ड वॉर खत्म नहीं हुआ है, दोनों अक्सर एक दूसरे को लेकर कमेंट करते नजर आते रहते हैं। हाल ही में बादशाह ने हनी सिंह के कमबैक न होने पर कमेंट किया था अब हनी सिंह ने उसका जवाब दे दिया है। हाल ही में बादशाह के कॉन्सर्ट में कुछ हनी सिंह के फैन पहुंचे थे और कॉन्सर्ट के दौरान यो यो हनी सिंह चिल्लाने लगे। जिसके बाद बादशाह ने कहा- अरे तुम लोग भी आए हो। एक कागज और पेन देना, कुछ गाने लिख देता हूं, तुम्हारे पापा का कमबैक हो जाएगा। अब बादशाह के इस कमेंट पर हनी सिंह ने जवाब दिया है। हनी सिंह ने एक होली पार्टी में परफॉर्म किया। इस दौरान उनके फैंस ने उनसे बादशाह को रिप्लाई देने को कहा। जिसके बाद हनी सिंह ने कहा, मुझे सब बोलते हैं जवाब दो रिप्लाई दो, मैं क्या रिप्लाई दूं। तुम लोगों ने पहले ही सारे कमेंट्स का अच्छे से रिप्लाई दे रखा है, मुझे मुंह खोलने की जरूरत ही नहीं है। हनी सिंह क्रेजी है और उसके फैंस भी क्रेजी हैं।

## नसीरुद्दीन शाह को साथ में मिली सच्ची मोहब्बत

# थिएटर से शुरुआत करने के बाद संवर गई एक्टर्स की जिंदगी

**मुंबई।** 27 मार्च का दिन वर्ल्ड थिएटर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन थिएटर और स्टेज के सभी रूपों और अभिनेताओं को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। बॉलीवुड में हमारे कई ऐसे एक्टर्स हैं जो आज सुपरस्टार बन चुके हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। जिनमें शाहरुख खान, मनोज बाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीरुद्दीन शाह समेत कई नाम शामिल हैं।

### अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1978 में, खेर ने नई दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से ग्रेजुएशन की थी। वह अब अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं।



### नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक

नसीरुद्दीन शाह और रतना पाठक दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स हैं। दोनों पति पत्नी भी हैं। इन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। दोनों ने एक साथ नाटक का हिस्सा थे। जहां वह एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। नसीर और रतना दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और थिएटर से इन्हें नाम और काम के साथ-साथ प्यार भी मिला।

### शबाना आजमी

शबाना आजमी ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। वह अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं और उन्हें 5 बार बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही उन्हें कुछ फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### परेश रावल

परेश रावल आज अभिनेता के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव हैं। उनके रोल और कॉमिक टाइमिंग के साथ बॉलीवुड में उन्हें आज भी कोई टक्कर नहीं दे सकता। परेश रावल ने भी अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी।

### राजकुमार राव

'शादी में जरूर आना' के सत्तू से 'स्त्री' के बिक्की तक के किरदार में जान फूंक देने वाले राजकुमार राव फिल्मों में आने से पहले थिएटर करते थे।

### मनोज बाजपेयी

फैमिली मैन मनोज बाजपेयी भी थिएटर कर चुके हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग की शुरुआत थिएटर से की थी। हालांकि बाद में वह टीवी, बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर भी अपने अभिनय का कमाल दिखा रहे हैं।



### सतीश कौशिक

सतीश कौशिक भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन आज भी उनका काम सराहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। सतीश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्टूडेंट थे और इस जगह से उन्हें केवल नाम नहीं, बल्कि कई बेहतरीन दोस्त भी मिले थे।

### इरफान खान

इरफान खान का नाम हिंदी सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार है। उन्होंने रविन्द्र मंच से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही वह अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने लोगों के मन में जो छाप छोड़ी है वो अमिट है।





### राधिका आप्टे

राधिका आप्टे को उनकी हटके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह थिएटर कर चुकी हैं। ये ही कारण है कि वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर जला दी बाइक

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस के अनुसार अशोक नगर निवासी गणेश साहू होली के दिन दोस्त समीर खान के साथ घूम रहा था। शाम को दोनों होली खेलने खमतराई गए थे। घर लौटते समय शाम 5 बजे डीएलएस कालेज के पास अशोकनगर निवासी सागर साहू, शिव ध्रुव व अन्य युवकों ने उन्हें रोक लिया। युवक गणेश साहू से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। मना करने पर उसके साथ मारपीट कर उसके बाद उसके ही बाइक से पेट्रोल निकालकर आग लगा दी। जिससे बाइक जलकर राख हो गई।

### दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी, जेवर ले उड़े

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी सुरेन्द्र कुमार वैष्णव चाय नाश्ता के ठेला चलाता है। उसकी पत्नी घर के दरवाजे में ताला लगाकर परीक्षा दिलाने चली गई थी। इसी दौरान चोरों ने उसके मकान में धावा बोलकर सोने का मंगलसूत्र, लाकेट, 6 जोड़ी पायल, 3 करधन, बिछिया, चांदी का बैल, सिक्का, तीन मोबाइल चोरी कर लिया है।

### वैवाहिक पत्रिका का विमोचन 1 को

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा द्वारा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के फोटोयुक्त संपूर्ण जानकारियों के साथ छत्तीसगढ़ स्तरीय पांचवें संस्करण वैवाहिक पत्रिका का विमोचन 1 अप्रैल को किया जाएगा। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज का यह एक अनुकरणीय पहल है। जो विवाह योग्य युवक युवतियों को जीवन साथी तलाशने के लिए वरदान साबित होगा। इस पत्रिका में विधवा, तलाक सुधा, पूर्ण मांगलिक, विकलांग व युवक - युवतियों की संपूर्ण जानकारी समाहित होगी। उक्त पत्रिका का विमोचन 1 अप्रैल को होने के बाद यह वेबसाइट इंटरनेट में उपलब्ध रहेगा ।

# शराब-कैश पर ज्यादा फोकस, हर विधानसभा के लिए 3-3 टीमें लगाई गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ पुलिस-प्रशासन मुस्तैद हो रहा है। आचार संहिता का पालन कराने के लिए जिले में 10 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस दौरान संपत्ति विरूपण कार्रवाई पर नजर रखने के लिए 26 नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

■ नाकेबंदी पॉइंट पर तैनात रहेंगे राजस्व और पुलिस अधिकारी

वहीं, जिले के सीमावर्ती इलाकों में जांच के लिए नाकेबंदी पॉइंट भी लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान में लगे सभी कर्मचारियों की छुट्टी पर भी रोक लगा दी है। चुनाव को प्रभावित करने वाली गैर जरूरी गतिविधियों जैसे नगद और सामग्री वितरण कार्य की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता टीमें सक्रिय हो गई हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 टीमें लगाई गई हैं। 8-8 घंटे की बारी से टीम चौबीस घंटे लगातार सतर्क रहेगी।छत्तीसगढ़ में 3 चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव में बिलासपुर में अंतिम चरण यानी 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी। तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण लगातार अधिकारियों की बैठक लेने के साथ ही चुनाव संबंधी कामों की निगरानी कर रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए अधिकारियों की ट्रेनिंग भी कराई जा रही है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय-सीमा में काम करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियों की रोकथाम के लिए एफएसटी और एसएसटी टीम को एक्टिव कर दिया गया है।

### 12 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

बिलासपुर लोकसभा के लिए नामांकन दाखिले की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी। वहीं, 19 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। इसके बाद 20 अप्रैल तक नामांकन पत्र की स्कूटनी की जाएगी। उम्मीदवार 22 अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। जिसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 7 मई को मतदान होगा। इसके साथ ही आचार संहिता लागू होने के बाद से लाइसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए कलेक्टर ने पुलिस अफसरों की बैठक लेकर लाइसेंसी हथियारधारकों की सूची बनाकर उन्हें नोटिस जारी करने के लिए कहा था, जिसके बाद से लाइसेंसी हथियार जमा कराने का सिलसिला चल रहा है।

### फैक्ट फाइल

- ⏭ **कुल मतदाता:** 20 लाख 94 हजार 570
- ⏭ **पुरुष मतदाता:** 10 लाख 52 हजार 173
- ⏭ **महिला मतदाता :** 10 लाख 42 हजार 298
- ⏭ **तृतीय लिंग मतदाता :** 99

### मतदान के लिए बनाए गए 2 हजार 251 केंद्र

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान के लिए केंद्रों की संख्या तय कर दी गई है। 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 हजार 251 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें संवदेनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को अलग से चिन्हित किया गया है, जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। दूसरी ओर आचार संहिता लागू होने के बाद 19 अप्रैल तक मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। अभी तक जिन मतदाताओं का नाम जुड़ा है, उसमें काट-छांट नहीं किया जा सकता, लेकिन नए मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते हैं। जिला प्रशासन ने 10 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची बनाई है, जिनकी ड्यूटी लगाई जाएगी।

### शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, केंद्रीय कार्यालयों समेत दूसरे संस्थानों के अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं रहेंगे। साथ ही आचार संहिता लागू होने के बाद थाना-चौकी प्रभारियों को भी एक्टिव कर दिया गया है। पुलिस की टीमें लगातार वाहनों की जांच भी कर रही हैं। हालांकि, इस दौरान अभी तक जांच के दौरान जिले में कहीं भी नगद रकम जब्त नहीं की गई है। पुलिस का शराब और कैश पर ज्यादा फोकस है। शराब परिवहन और बिक्री करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### ड्यूटी पहली प्राथमिकता

आचार संहिता लागू होने के बाद पहली प्राथमिकता चुनाव ड्यूटी की है। चुनाव कार्य के लिए आयोग के निर्देश पर टीम का गठन कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रशिक्षण और मॉनिटरिंग के साथ टीम के कामों की लगातार समीक्षा भी की जा रही है।

- **अवनीश शरण,** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी

7 फरवरी को पुराने से नए अंडरब्रिज को जोड़ने रेलवे करा रहा था काम

# राहगीरों को राहत: 12 साल बाद तारबाहर के अधूरे अंडरब्रिज का पूरा हुआ काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी सहित आसपास के 15 गांवों में रहने वाले हजारों लोगों को अब शहर आने के लिए सिरगिट्टी फाटक में घंटों जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। 12 साल से अधूरा तारबाहर अंडरब्रिज का काम अब पूरा हो चुका है। ऐसे में फाटक को बंद कर अब नए अंडरब्रिज से वाहनों का आवगमन शुरू कर दिया गया है। रेलवे के अफसरों ने बताया कि बुनियादी ढांचे के विकास नवाचार, नेटवर्क क्षमता में विस्तार तथा अधोसंरचना विकास के अनेकों काम किया जा रहा है, जिससे यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेल परिचालन और भी संरक्षित व निर्बाध गति से हो सके।

इसी क्रम में समपार फाटकों के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने तथा उनकी सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए सबवे निर्माण का काम कराया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन यार्ड में स्थित तारबहार फाटक के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने अंडरब्रिज का विस्तार बाई पास लाइन के दूसरे छोर तक कर दिया गया है। सिरगिट्टी तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों की निर्बाध व सुरक्षित सड़क यातायात सुनिश्चित करने अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होते ही बुधवार से इस पर सड़क यातायात शुरू कर दिया गया है, तथा सुरक्षा के दृष्टिगत तारबाहर फाटक को भी बंद कर दिया गया है।



तारबाहर अंडरब्रिज का काम पूरा होने के बाद इसे खोल दिया गया है। वहीं रेलवे फाटक पर अब भीड़ नहीं लग रही है।

### 2012 से काम था अधूरा

तारबाहर-सिरगिट्टी फाटक में वर्ष 2011 के दौरान दीपावली त्योहार के दौरान फाटक पार करते समय शाम 6:30 बजे लोकल की चपेट में आने से दर्जनभर लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद यहां रेलवे ने आनन-फानन में यहां 15 करोड़ रूपए की लगात से अंडरब्रिज का काम शुरू कराया, लेकिन कुछ हिस्से में भूमि अधिग्रहण के कारण अंडरब्रिज अधूरा ही बना। 2012 से इस अधूरे अंडब्रिज से ही लोग आना जाना कर रहे थे। अंडरब्रिज से निकलते ही तीन पटरी को पार करने फाटक में घंटो जाम का समाना करना पड़ रहा था।

### तय तारीख के एक माह बाद पूरा हो पाया काम

रेलवे प्रबंधन ने यहां अंडरब्रिज विस्तार के लिए 7 फरवरी को काम शुरू कराने के लिए अंडरब्रिज को बंद कर दिया था। इस काम को 15 दिन के भीतर करना था। 23 फरवरी से यहां आवगमन शुरू हो जाना था। लेकिन काम की गति धीमी होने के कारण तय तारीख में काम पूरा ही नहीं हो सका। ऐसे में आधे काम के बाद पुराने अंडरब्रिज को खोल दिया गया था। अब इस काम को पूरा होने में तकरीबन एक माह अधिक का समय लगा। अब काम पूरा होने के बाद इसे आवगमन के लिए खोला गया है।

# विवाद के बाद पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस की सख्ती के बावजूद होली की रात चिंगराजपारा के एक मकान में पति पत्नी के बीच जमकर विवाद होता रहा। दूसरे दिन दोपहर में महिला की बंद घर में खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, काठाकोनी निवासी मुकेश साहू ने साल भर पहले श्वेता कौशिक से प्रेम विवाह किया था और दोनों विगत दो तीन माह से चिंगराजपारा में किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे थे। बताया जाता है प्रति दोनों के बीच आए दिन विवाद होते रहता था। 25 मार्च को होली पर्व में मुकेश साहू जमकर शराब पी थी। पड़ोसियों के अनुसार, रात में दोनों के बीच जमकर विवाद हो रहा था। बाद में आवाज आनी बंद हो गई। दूसरे दिन सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो मुकेश साहू के मकान के बाहर दरवाजे में ताला लटका हुआ था। दोपहर 12 बजे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहूजा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों की उपस्थिति में वे ताला तोड़कर अंदर घुसे तो श्वेता कौशिक की खून से सनी लाश पड़ी हुई थी और उसके करीब खून से रंगा टंगिया रखा हुआ था। फर्श व दीवार खून से रंग गई थी। उसका पति मुकेश साहू फरार था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### चरित्रशंका पर हत्या

आरोपी ने पुलिस को बताया, शादी के बाद वह पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। उसने पत्नी को दूसरे व्यक्ति के साथ बातचीत करते देख लिया था। समझाइश के बाद भी वह नहीं मान रही थी। इस पर उसने टंगिया से मारकर हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

### एसपी पहुंचे मौके पर

सूचना मिलते हुए एसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर पड़ोसी से पूछताछ की। उन्होंने अधिनस्थ अधिकारियों को संदेही पति को पकड़ने का निर्देश दिया।

### भाठापारा स्टेशन से आरोपी गिरफ्तार

महिला की हत्या के बाद पुलिस पति मुकेश को संदेही मानकर तलाश में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से जानकारी हुई वह नागपुर की ओर से आने वाली ट्रेन से शहर की ओर आ रहा है। मंगलवार की रात पुलिस ने भाठापारा रेलवे स्टेशन में दबिश देकर ट्रेन से आरोपी मुकेश साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपी गिरफ्तार

फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ करने पर उसने चरित्रशंका पर हत्या करना स्वीकार किया है।

-**रोशन आहूजा** प्रशिक्षु डीएसपी सरकण्डा थाना प्रभारी

### मामूली विवाद में छोटे भाई के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** मामूली विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट करते हुए ब्लेड से गले में जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी राजकुमारी मरकार के दो बेटे बलराम व राम है। होली के दिन दोनों भाई रंग गुलाल खेलने निकले थे। दोपहर दोनों भाई घर लौटे और किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। बलराम ने ज्यादा बात करता है, कहते हुए मारपीट कर ब्लेड से राम के गले में जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मां राजकुमारी मरकाम की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




# विद्या नगर के नलों से आ रहा गंदा पानी शिकायत के बाद भी सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ हाल ही में 50 पानी टंकियों की हुई है सफाई फिर भी मटमौले पानी सप्लाई से लोग परेशान

विद्या नगर और आसपास के क्षेत्रों में निगम की टंकी से सप्लाई होने वाला पानी गंदा आ रहा है। यहां के निवासियों ने बताया कि टंकी से सप्लाई के दौरान कुछ देर तक पहले पानी गंदा आता है।

इसकी शिकायत वार्ड पार्षद व निगम के अफसरों से करने के बाद भी सुधारकार्य नहीं कराया गया है, जबकि पिछले वर्ष ऐसे ही गंदा पानी से इस क्षेत्र में दर्जनों लोग डायरिया और जलजनित रोग के चपेट में आ गए थे। इन दिनों गर्मी के चलते पानी की खपत बढ़ गई है। ऐसे में अब विद्या नगर क्षेत्र में गंदा पानी आने ये यहां के नागरिक परेशान है। जबकि हाल ही में नगर निगम ने शहर के 50 पानी टंकियों की रायपुर के कंपनी को ठेका देकर सफाई कराई है। इसके बावजूद अब टंकी से सप्लाई होने वाला पानी मटमैला आ रहा है।



### नालियों से दौड़ रही है पेयजल की पाइप

विद्या नगर सहित शहर के हर वार्ड में पेयजल सप्लाई करने वाली मुख्य पाईप लाइन नालियों के बीच से दौड़ रही है। ऐसे में टूटे, फूटे पाईपों से नाली का गंदा पानी घरों तक भी पहुंच जाता है। दर्जनों शिकायतों के बाद भी निगम अब तक इन पाइपों को बदल नहीं पाई है।

### ग्राहकों पर छोड़ा पालतू कुत्ता युवकों ने जमकर की तोड़फोड़

**बिलासपुर।** अवैध चखना सेंटर में विवाद होते देख बीच बचाव करने गए दो युवकों पर संचालक ने पालतू कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते के काटने से दोनों युवक जख्मी हो गए। आक्रोशित युवकों ने चखना सेंटर में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, मंगलवार को दोपहर में मरारगली निवासी संदीप देवांगन दोस्त संजू व विशाल पटेल के साथ पुराना बस स्टैण्ड स्थित शराब दुकान गए थे। शराब दुकान के बाजू में चखना सेंटर संचालक गोलू पासी ग्राहकों के साथ विवाद कर रहा था। संदीप व उसके दोस्तों ने बीच बचाव की कोशिश की। इस पर चखना दुकान संचालक गोलू पासी ने युवकों पर अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते के काटने से विशाल पटेल, संदीप जख्मी हो गए। पुलिस ने संदीप देवांगन की रिपोर्ट पर गोलू पासी के खिलाफ धारा 289, 323, 427 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष से संगीता पासी ने रिपोर्ट लिखाई आकाश देवांगन, रोहित पटेल, यश गुप्ता एवं अनंत मेश्राम गोलू पासी को खोजते आए थे। उसके नहीं मिलने पर युवराज मानिकपुरी से मारपीट कर चखना सेंटर में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 427, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




इलाज के दौरान दो लोगों की हुई मौत

# होली का हुड़दंग: हादसे व मारपीट में 216 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस बार होली के हुड़दंग में मारपीट और सड़क दुर्घटनाओं के चलते करीब 216 लोग शहर के विभिन्न अस्पतालों की इमरजेंसी में पहुंचे। इनमें से ज्यादातर को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि कुछ को भर्ती किया गया। इनमें दो की मौत भी हो गई है। हालांकि, पिछले साल की अपेक्षा इस साल बार होली के हुड़दंग में घायल होकर अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या कम रही। आमतौर पर यह आंकड़ा 300 से अधिक रहता था। आंख में रंगने से समस्या के भी गिने-चुने केस पहुंचे।

इस साल होली की खुमार में सड़कों पर अंधाधुंध वाहन दौड़ाने वाले दिखाई दिए। इसका सीधा असर दुर्घटनाओं और मारपीट के मामलों के रूप में देखने को मिला। घायलों ने सिम्स, जिला अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों पर इलाज कराया। इमरजेंसी में पहुंचे मरीजों में से कुछ को ही भर्ती करने की नौबत आई।



होली के दौरान जिला अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे घायल मरीज।

### इस साल मामले कम

होली को लेकर अस्पताल में पहले से ही एमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों को तैनात कर दिया गया था। पिछले साल की अपेक्षा इस साल कम मामले ही आए हैं। सभी को समय पर इलाज उपलब्ध कराया गया। बुधवार को ओपीडी में कुछ ज्यादा भीड़ देखने को मिली। स्कीन और आंख के मरीज यहां ज्यादा पहुंचे।

-**डॉ.विवेक शर्मा,** उप अधीक्षक सिम्स।

### सिम्स के इमरजेंसी में 2 की मौत

होली के दौरान सिम्स के इमरजेंसी में 143 मरीज पहुंचे। इसमें दर्जनभर मरीजों को भर्ती करना पड़ा। यहां कोनी और सरगांव में सड़क हादसे में घायल 21 व 35 वर्ष के युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई ।

### जिला अस्पताल में 73 मरीज पहुंचे

जिला अस्पताल में शनिवार से मंगलवार के बीच इमरजेंसी में 73 मरीज पहुंचे। इनमें से ज्यादातर मामले मारपीट और सड़क हादसों में घायलों के थे। कुछ मरीजों ने आंख में रंग जाने की शिकायत भी बताई।




